# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 321 । भोपाल, मंगलवार 21 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



कार को पंचर किया, फिर बदमाशों ने मारपीट कर हथियारों की नोंक पर की लूट — पृष्ठ 2
▪ क्या भाजपा लोकप्रियतावाद के रास्ते पर बढ़ रही है?
▪ युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को — पृष्ठ 4
▪ स्कूल के बच्चों को ले जा रहा आटो पलटा, 2 बच्चे घायल — पृष्ठ 6
13 सीटों पर बीते विधानसभा चुनाव से भी कम हुआ मतदान — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### निर्माणाधीन स्टेडियम ढहने से 3 की मौत

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के रंगारेड्डी जिले में सोमवार को एक निर्माणाधीन स्टेडियम का एक हिस्सा गिरने से 3 श्रमिकों की मौत हो गई। छह कर्मचारियों को मामूली चोटें आईं। मृतकों की पहचान बिहार के बब्लू और पश्चिम बंगाल के सुनील के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि बचाव अभियान जारी है क्योंकि एक अन्य कर्मचारी मलबे में फंसा हुआ है। यह घटना हैदराबाद से लगभग 40 किमी दूर मोइनाबाद ब्लॉक के कनकमामिडी में खेल परिसर में हुई।

### पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत अस्पताल में भर्ती

**देहरादून, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को अचानक मैक्स अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनकी स्थिति सामान्य है। डॉक्टर ने हरीश रावत को पेट में दर्द और उल्टी की शिकायत बताई है। उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबर के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा उनसे मिलने पहुंचे है। पिछले दिनों हादसे में घायल होने के बाद से ही पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत को कुछ दिक्कत हो रही थी। कुछ दिन पहले भी हरीश रावत की तबीयत बिगड़ी थी।

### फर्जी खबरें रोकने के लिए फैक्ट चेक यूनिट बनाएगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक सरकार ने झूठी खबरों और सूचना के प्रचार का मुकाबला करने के लिए फैक्ट चेक यूनिट स्थापित करने का फैसला किया है। राज्य मंत्री प्रियांक खड़गे ने सोमवार को घोषणा की। राज्य के आईटी मंत्री के मुताबिक, कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने इस संबंध में एक टेंडर जारी किया है और पांच कंपनियों को शॉर्टलिस्ट किया है। सोमवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए खड़गे ने कहा कि एक बार इन कंपनियों की सत्यापन प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद, कंपनियों के नामों की घोषणा की जाएगी।

### राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक पर आम जनता से मांगी राय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक, 2023 के प्रारुप पर आम जनता से राय मांगी है। मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि विधेयक के प्रारुप पर 14 दिसंबर तक अपनी राय, सुझाव या आपत्ति मंत्रालय को भेजी जा सकती हैं। मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग विधेयक 2023 का प्रारुप तैयार किया गया है और उसे दिनांक 14 नवंबर को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की वेबसाइट डाल दिया गया है। विधेयक पर अपनी राय, सुझाव और आपत्ति ई मेल के माध्यम से भेजी जा सकती हैं। प्रस्तावित विधेयक राष्ट्रीय फार्मेसी आयोग की स्थापना और फार्मेसी अधिनियम, 1948 को निरस्त करने के लिए है।

### तेलंगाना में सभी घोटालों की होगी जांच : रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने दोहराया कि अगर उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आती है, तो वह बीआरएस सरकार द्वारा सभी भ्रष्टाचार, घोटालों की न्यायिक जांच का आदेश देगी। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि केसीआर के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार के सभी आरोपों की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक आयोग का गठन किया जाएगा। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दोषियों को सजा मिले, चाहे वे केसीआर के परिवार के सदस्य हों, बीआरएस मंत्री हों या बीआरएस विधायक हों। किसी को बख्शा नहीं जाएगा। ये तेलंगाना के लोगों की मांग है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस ने पिछले 10 सालों के दौरान घोटालों के माध्यम से राज्य की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने दावा किया कि केसीआर सरकार के खिलाफ मजबूत सत्ता विरोधी लहर है।

### राम रहीम को 21 दिन की फरलो मिली

**चंडीगढ़, एजेंसी।** बलात्कार और हत्या मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में सजा काट रहा गुरमीत राम रहीम फिर जेल से बाहर आ गया है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत को 21 दिन की फरलो मंजूर कर ली गई है। बता दें कि 2017 में सजा सुनाए जाने के बाद से अब तक राम रहीम कुल 7 बार जेल से बाहर आ चुका है। इसी साल जन्मदिन से पहले उसे 20 जुलाई को पैरोल मिली थी. तब वह 30 दिन के लिए बाहर आया था. बाहर आने के बाद राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित अपने आश्रम में रहेगा।

## राजस्थान में अंतिम दौर में तेज हुआ चुनाव प्रचार

### प्रधानमंत्री ने पाली की सभा में किया ऐलान

# भाजपा सरकार बनी तो पेट्रोल-डीजल के दामों की समीक्षा की जाएगी



**पाली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजस्थान में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं और यहां के मुख्यमंत्री प्रमाण पत्र देते हैं कि फर्जी शिकायतें दर्ज कराई जाती हैं। यह महिलाओं का अपमान है। मोदी ने पाली के जाडन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार महंगा पेट्रोल बेचकर कट कंपनी चलाती है। मैं गारंटी देता हूं कि अगर 3 दिसंबर के बाद भाजपा की सरकार बनी तो पेट्रोल-डीजल के दामों की समीक्षा की जाएगी। पड़ोसी राज्यों में भाजपा सरकारें सस्ती दरों पर पेट्रोल बेच रही हैं।

मोदी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने आपका मोबाइल बिल भी कम कर दिया है। अगर 2014 से पहले डेटा की कीमत तय की गई होती, तो आज आप जितना डेटा खर्च कर रहे हैं, उससे कम से कम 5 हजार रुपये अधिक आपको मोबाइल पर खर्च करने पड़ते थे। एक परिवार में कम से कम 4 मोबाइल फोन हैं, मोदी ने ये खर्च बचा लिया है।

मोदी ने कहा कि जब से महिला आरक्षण विधेयक पारित हुआ है, तब से घमंडिया गठबंधन ने महिलाओं के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। बिहार के मुख्यमंत्री ने विधानसभा में अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया, लेकिन मजाल है कि किसी कांग्रेस नेता ने आवाज उठाई। ये है कांग्रेस का असली चेहरा।

उन्होंने कहा कि महिला विरोधी कांग्रेस कभी भी महिलाओं का कल्याण नहीं कर सकती। कांग्रेस ने महिलाओं के खिलाफ अपराध में राजस्थान को नंबर वन बनाया है। यहां मुख्यमंत्री का कहना है कि राजस्थान की बहन-बेटियों ने थाने में फर्जी शिकायत दर्ज कराई है। हमारे देश में कोई मां-बहन ऐसा नहीं कर सकती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राजस्थान में रोड़े अटकाने की तमाम कोशिशों के बावजूद अब तक गरीबों के लिए 20 लाख घर बन चुके हैं। इनकी संख्या और भी हो सकती थी। कांग्रेस की मानसिकता गरीब विरोधी है। राजस्थान में हर घर नल से जल पहुंचाने के काम में भी कांग्रेस ने डाका डाला।

आधी आबादी तक पानी नहीं पहुंचा। माता-बहनों से उनकी क्या दुश्मनी है, समझ नहीं आ रहा। न उन्होंने काम किया, न होने दिया। मैं दिल्ली से पाइप-नल के लिए पानी भेजता हूं, यहां कांग्रेसी कागज पर नल लगाते हैं और पैसे डकार जाते हैं। पानी के लिए कांग्रेस से मुक्ति पानी होगी। कांग्रेस विज्ञापनों में पैसे देकर फर्जी लहर चला रही है। लाल डायरी और लॉकर से निकले पैसों पर मुख्यमंत्री धमका रहे हैं। कांग्रेस का यह पाप ज्यादा नहीं चलेगा।

### प्रियंका ने मतदाताओं से कहा-

# आकलन करें कि किस सरकार ने आपको राहत दी



**केकड़ी, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान में भाजपा के मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर लगातार हमलावर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति केवल लोगों को धर्म जाति के नाम पर लड़ाना है। केकड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वे आकलन करें कि किस सरकार ने उन्हें राहत पहुंचाई। प्रियंका गांधी ने कहा कि सदा हिंदुस्तान और पाकिस्तान की बातें कर लोगों को भटकाती रहती है। इस दौरान प्रियंका गांधी ने सोमवार को वसुंधरा का नाम लिए बगैर उनके प्रति अपनी हमदर्दी जताई।

उन्होंने विधानसभा में प्रत्याशी रघु शर्मा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जनता सोच समझकर आकलन करें, कि किस सरकार ने उन्हें राहत दी है और किस सरकार ने उन्हें नुकसान। आपकी एक बड़ी गलती आने वाले 5 सालों में बड़ा नुकसान कर सकती है। प्रियंका गांधी ने अपनी भाषण की शुरुआत ठेठ राजस्थानी भाषा में 'घणी राम राम सा' कहकर शुरुआत की। उन्होंने कहा कि मोदी जी राजस्थान में लगातार जो भाषण दे रहे हैं। उनमें जो आरोप और बातें कर रहे हैं। उनका मैंने आकलन किया तो, मुझे महसूस हुआ कि पीएम मोदी के आरोपों और उनकी बातों में कोई वजन नहीं है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि वे केवल इधर-उधर की बातें करते हुए लोगों को भटकाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई विजन नहीं है। उनके पास वोट मांगने के लिए भी कोई मुद्दा नहीं है। वह केवल धर्म के नाम पर वोट मांग रहे हैं।

### बचाव अभियान में लग सकते हैं 30 से 40 घंटे

# अब मजदूरों को बचाने में रोबोट की ली जाएगी मदद

▪ करीब 6 एजेंसियां काम कर रही
▪ लगभग 4 सौ मीटर सुरंग की खुदाई शेष

**देहरादून, देशबन्धु।** सुरंग के अंदर पिछले नौ दिनों से फंसे 41 की जिंदगियों को बचाने के लिए अब रोबोट की मदद ली जाएगी। अभी अभियान में 30 से 40 घंटे और लग सकते हैं। सिलक्यारा सुरंग हादसे में फंसे 41 मजदूरों की जिंदगी बचाने के लिए रोबोट के जरिए दूसरी तरफ पाइप डालने समेत अन्य संभावनाएं तलाशी जाएंगी। यह रोबोट सुरंग के अंदर आए मलबे के ऊपर बची थोड़ी सी जगह से दूसरी तरफ जाएगा। यह जानकारी सचिव आपदा प्रबंधन डॉ.रंजीत कुमार सिन्हा ने दी। 12 नवंबर को यमुनोत्री हाईवे पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन के बाद से 41 मजदूरों का जीवन संकट में है।

वर्तमान में मजदूरों को बचाने के लिए पांच प्लान पर केंद्र व राज्य की करीब छह एजेंसियां काम कर रहीं हैं। जिसमें सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से ऑगर मशीन से ड्रिलिंग, बड़कोट छोर से ड्रिलिंग, सुरंग के ऊपर और दाएं व बाएं तरफ से ड्रिलिंग की तैयारी हो चुकी है। सुरंग के ऊपर से ड्रिलिंग के लिए, अस्थायी सड़क का निर्माण भी किया जा रहा है। लेकिन, अब इन पांच प्लान के साथ छठा प्लान भी तैयार किया जा रहा है। छोटा रोबोट ही जा सकता है सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि सुरंग के अंदर भूस्खलन के कारण जो मलबा आया है उसके और सुरंग की ऊपरी छत के बीच थोड़ी जगह है। जिससे एक रोबोट को भेजकर देखा जाएगा कि दूसकी तरफ कितनी जगह है। ताकि दूसरी तरफ पाइप डाला जा सके। बड़कोट छोर से अभी करीब 400 मीटर सुरंग की खुदाई शेष है। अंदर फंसे लोगों को बचाने के लिए बड़कोट छोर से भी खोदाई शुरू करवाई जा रही है। हालांकि अभी उस छोर से पूरी खोदाई की जगह केवल दो से ढाई मीटर व्यास की सुरंग तैयार की जाएगी।

# चुनाव वाले 5 राज्यों से 1760 करोड़ की शराब-नकदी जब्त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव आयोग ने सोमवार 20 नवंबर को कहा कि चुनाव वाले पांच राज्यों से 1760 करोड़ की शराब, ड्रग्स, कैश और महंगी धातु बरामद की गई। ये सब चीजें वोटरों को रिझाने के लिए बांटी गई थीं। इन चीजों की बरामदगी 9 अक्टूबर से हो रही थी। इसी दिन इलेक्शन कमीशन ने पांच राज्यों में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था।

**पिछले विधानसभा चुनाव में हुई बरामदगी का 7 गुना है आंकड़ा**

आयोग ने यह भी बताया कि आंकड़ा 1760 करोड़ इन राज्यों में 2018 विधानसभा चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 7 गुना है। पिछली बार 239.15 करोड़ की चीजें जब्त की गई थीं। अभी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव चल रहे हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में वोटिंग हो चुकी है। राजस्थान में 25 तो तेलंगाना में 30 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। आयोग ने पांच राज्यों में चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए 228 पर्यवेक्षक तैनात किए थे। साथ ही 194 विधानसभा सीटों को चुनावी खर्च के लिहाज से संवेदनशील बताया था।

### 6 राज्यों से 14 सौ करोड़ की चीजें की थीं जब्त

आयोग के मुताबिक, इससे पहले जिन 6 राज्यों गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में चुनाव हुए थे, वहां से 1400 करोड़ की चीजें बरामद की गई थीं। यह इन राज्यों में पिछले चुनाव के दौरान हुई बरामदगी का 11 गुना था।

### मिजोरम, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में हो चुका मतदान

मिजोरम, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मतदान कराए जा चुके हैं। राजस्थान और तेलंगाना में क्रमश: 25 और 30 नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को करायी जाएगी।

# गोवा में 54वां अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू

### महोत्सव के दौरान 270 से अधिक फिल्में दिखाई जाएगी



**गोवा, एजेंसी।** गोवा में सोमवार से 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव-आईएफएफआई शुरू हो गया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संयुक्त सचिव फिल्म पृथुल कुमार के अनुसार महोत्सव के दौरान 270 से अधिक फिल्में 4 स्थानों आईनॉक्स पंजिम, माक्विनेज पैलेस, आईनॉक्स पोरवोरिम और जेड स्क्वायर सम्राट अशोक पर प्रदर्शित की जाएंगी।

54वें आईएफएफआई के 'अंतरराष्ट्रीय खंड' में 198 फिल्में होंगी, जो 53वें आईएफएफआई से 18 अधिक हैं। इसमें 13 विश्व प्रीमियर, 18 अंतर्राष्ट्रीय प्रीमियर, 62 एशिया प्रीमियर और 89 भारत प्रीमियर होंगे। पृथुल कुमार ने कहा, इस वर्ष आईएफएफआई को 105 देशों से रिकॉर्ड संख्या में 2,926 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में अंतरराष्ट्रीय प्रविष्टियों से तीन गुना अधिक है। 'इंडियन पैनोरमा' अनुभाग में भारत की 25 फीचर फिल्में और 20 गैर-फीचर फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। फीचर सेक्शन में ओपनिंग फिल्म मलयालम फिल्म 'अट्टम' है, और गैर-फीचर सेक्शन में मणिपुर की फिल्म 'एंड्रो ड्रीम्स' है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) पुरस्कार की शुरुआत ओटीटी प्लेटफार्मों की समृद्ध सामग्री और इसके रचनाकारों को स्वीकार करने, प्रोत्साहित करने और सम्मानित करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा, 15 ओटीटी प्लेटफार्मों से 10 भाषाओं में 32 प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं। विजेता श्रृंखला को पुरस्कार राशि के रूप में प्रमाण पत्र और 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जिसकी घोषणा समापन समारोह में की जाएगी।

# चंद्रबाबू नायडू की नियमित जमानत मंजूर

**विजयवाड़ा, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को कौशल विकास घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की नियमित जमानत मंजूर कर ली।

उच्च न्यायालय ने तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष को नियमित जमानत मंजूर कर ली और उन्हें 29 नवंबर से सभी राजनीतिक और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी गयी है। उच्च न्यायालय ने दलील दी इसका कोई सबूत नहीं मिला है कि नायडू गवाहों को प्रभावित करेंगे। विधानसभा में विपक्ष के नेता श्री नायडू को नियमित जमानत मंजूर पर न्यायमूर्ति टी मल्लिकार्जुन राव ने तर्क दिया, रिकॉर्ड पर उपलब्ध सामग्री से निश्चित रूप से यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता है कि गलत तरीके से जुटायी गयी राशि तेलुगू देशम पार्टी के बैंक खातों में भेज दी गई थी। न्यायाधीश ने कहा कि फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में उजागर विसंगतियों के लिए श्री नायडू को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है, जिसके अनुसार 371 करोड़ रुपये एसआईएसडब्ल्यू और डिजाइन टेक द्वारा गबन किए गये और विभिन्न शेल कंपनियों को दिये गये।

### सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा-

# जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद ठीक नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी अदालत सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की सिफारिश के बावजूद जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर केंद्र सरकार से नाराजगी जताई है। कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंद की नीति ठीक नहीं है। ये अच्छे संकेत नहीं हैं। यह देश में गलत संदेश देता है। जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धूलिया की बेंच ने सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा- जजों की नियुक्ति और तबादले भी सरकार अपनी पसंद नापसंद के मुताबिक कर रही है। हमने इसके लिए सरकार को पहले भी आगाह किया है। बेंच ने कहा कि अभी भी इलाहाबाद, दिल्ली, पंजाब और गुजरात हाईकोर्ट में जजों के तबादले की सिफारिश वाली फाइल सरकार ने लटका रखी है। गुजरात हाईकोर्ट में तो चार जजों के तबादले पेंडिंग हैं। इन पर सरकार ने अब तक कुछ भी नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोबारा भेजे गए नामों पर नियुक्ति नहीं करना परेशान करने वाला है।

कॉलेजियम की सिफारिशों पर अमल करने के लिए और वक्त देते हुए कोर्ट ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। बेंगलुरु एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से जजों की नियुक्ति को लेकर यह याचिका लगाई गई है। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि विधानसभा चुनावों में व्यस्तता की वजह से देरी हुई है। सरकार की ऐसी कोई मंशा नहीं थी। हमने सरकार को सूचित कर रखा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा हमने हाईकोर्ट्स में 14 जजों की नियुक्ति की सिफारिश की है, लेकिन नियुक्ति सिर्फ गुवाहाटी हाईकोर्ट में हुई। सरकार की इस पसंद-नापसंद से जजों के वरिष्ठता के क्रम पर असर पड़ता है। वकील जब बनने के लिए अपनी मंजूरी वरिष्ठता के लिए ही तो देते हैं। जब इस पर अमल नहीं होगा, तो वे जज बनने को क्यों राजी होंगे?



पिछली बार हमने जो नाम दोहराए थे, उनमें से 8 अब तक पेंडिंग हैं। हमें पता है वे नाम क्यों लटकाए गए हैं। हमें सरकार की चिंता भी मालूम है। आधे से ज्यादा नाम सरकार ने क्लियर नहीं किए। हमारी जानकारी के अनुसार, आपने 5 लोगों के लिए तबादला आदेश जारी किए हैं, लेकिन 6 अन्य के लिए नहीं, उनमें से 4 गुजरात से हैं। यह अच्छा संकेत नहीं है। इस पर अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी कि कोर्ट सरकार को थोड़ा और वक्त दे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कॉलेजियम ने 11 जजों के ट्रांसफर की सिफारिश केंद्र सरकार से की थी। इसमें से 5 जजों का तो ट्रांसफर हो गया, लेकिन 6 के अभी भी रुके हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र इसका समाधान लेकर आए। 5 दिसंबर को अगली सुनवाई होगी।

### अलग राज्यों में एफआईआर के बावजूद दी जा सकती है जमानत

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय और सत्र न्यायालय आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकते हैं, भले ही एफआईआर किसी दूसरे राज्य में ही क्यों न दर्ज हो। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ राजस्थान में एक महिला द्वारा दायर दहेज की मांग की शिकायत से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें पति को बेंगलुरु जिला अदालत द्वारा अग्रिम जमानत दी गई थी। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाया कि एचसी या सत्र अदालतें किसी आरोपी को ट्रांजिट अग्रिम जमानत दे सकती हैं, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं किया गया हो और अंतरिम सुरक्षा तब तक जारी रहेगी जब तक आरोपी क्षेत्राधिकार वाली अदालत में नहीं पहुंचता। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि अदालतों को नागरिकों की स्वतंत्रता पर विचार करते हुए सीमित अंतरिम सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

### विधेयक मंजूर करने में देरी पर सुप्रीम कोर्ट का सवाल

# 3 साल तक क्या कर रहे थे राज्यपाल?

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के खिलाफ कड़ी टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने सोमवार को जनवरी 2020 से उनके समक्ष लंबित विधेयकों को मंजूरी देने में देरी पर उन्हें फटकार लगाई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल की निष्क्रियता चिंता का विषय है। तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा 10 बिल लौटाए जाने के कुछ दिनों बाद आया, जिसके बाद राज्य सरकार ने एक विशेष विधानसभा सत्र बुलाया और बिलों को फिर से अपनाया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने इस तथ्य पर नाराजगी व्यक्त की कि राज्यपाल ने पंजाब सरकार के मामले में 10 नवंबर के आदेश के बाद ही लंबित विधेयकों पर कार्रवाई की।

कोर्ट ने कहा कि हमारी चिंता यह है कि हमारा आदेश 10 नवंबर को पारित किया गया था। ये बिल जनवरी 2020 से लंबित हैं। इसका मतलब है कि राज्यपाल ने अदालत के नोटिस जारी करने के बाद निर्णय लिया। राज्यपाल तीन साल तक क्या कर रहे थे? तमिलनाडु सरकार द्वारा पीठ को सूचित करने के बाद कि विधानसभा ने शनिवार को आयोजित एक विशेष सत्र में 10 विधेयकों को फिर से अपना लिया है, अदालत ने मामले को 1 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दिया। राज्यपाल के समक्ष 15 विधेयक लंबित हैं, जिनमें विधानसभा द्वारा दोबारा पारित किए गए दस विधेयक भी शामिल हैं। इससे पहले, तमिलनाडु सरकार ने यह आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था कि राज्यपाल ने खुद को राज्य सरकार के लिए राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के रूप में पेश किया है। विधेयकों को खारिज किए जाने के बाद, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को अपनी सुनक और सनक के कारण विधेयकों को रोकने के लिए राज्यपाल की आलोचना की। विशेष सत्र के दौरान एआईएडीएमके और बीजेपी समेत विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। उन्होंने पूछा कि जब सरकार पहले ही अदालत का दरवाजा खटखटा चुकी है तो विधेयकों को फिर से अपनाने के लिए विशेष सत्र क्यों आयोजित किया जा रहा है।

## सार समाचार

### अन्नकूट खाने गए युवक की मोटरसाईकिल चोरी

**गुना, देशबन्धु।** शहर के कैंट थानांतर्गत गत दिवस पंचमुखी हनुमान मंदिर पर अन्नकूट खाने गए युवक की बाईक चोरी हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अरूण कुमार भार्गव पुत्र बृजराज शर्मा निवासी भगत सिंह कालोनी ने बताया कि शाम करीब 08.30 बजे में वह अपनी मोटर साईकिल क्रमाँक एमपी08-9415 टीवीएस स्टार सिटी प्लस से श्री पँचमुखी हनुमान पर अन्नकूट खाने गया था। इस दौरान वह मोटर साईकिल को मंदिर के पास बनी धर्मशाला के सामने खड़ी करके अन्नकूट खाने चला गया। करीब दो घंटे बाद वह अन्नकूट खाकर वापस आया तो उसकी बाईक गायब थी। जिसे आस पास भी तलाश किया गया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर मामला दर्ज किया है।

### कंजरों ने की जेसीबी में तोडफ़ोड़, मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** राघौगढ़ थानांतर्गत ग्राम साकोन्या में कंजर बदमाशों ने एक जेसीबी में तोडफ़ोड़ कर पिता-पुत्र के साथ मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी ध्याम सिंह पुत्र मोहनप्रसाद गुर्जर निवासी ग्राम साकोन्या ने अपने बेटे पहलवान सिंह गुर्जर के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की कि वह उनकी जेसीबी मशीन क्र. एमपी08-0480 को घर से लेकर फोरलाईन रोड तरफ जा रहे थे। इसी दौरान कंजरों के मरघटशाला के पास रोड पर पहुंचे तो वहां महेश कंजर, अमित कंजर, सेवक कंजर निवासी साकोन्या ने उन्हें रोक लिया। तीनों ने गाली गलौंच कर बोले कि तुम्हें यहां से निकलने नहीं देगें, तुम पुलिस में हमारी चुगली करते हो। इस दौरान आरोपियों ने जेसीबी में तोडफ़ोड़ कर दी। जिसमें जेसीबी का काम फूट गया एवं अन्य नुकसान हुआ। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर अपराध क्रमांक 083/23 धारा 341, 294, 506, 427, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### शाही पालकी महोत्सव आज, जमेगा अखाड़ा लखदातार का

**गुना, देशबन्धु।** इस वर्ष भी खाटूनरेश बाबा श्री श्याम का जन्मोत्सव समारोह 21 नवंबर को श्री श्याम परिवार गुना के तत्वाधान में बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस शुभ अवसर पर दोपहर 1 बजे खाटू नरेश स्वयं शाही पालकी में विराजमान होकर साक्षात आपके घर आपके द्वार पधार रहे हैं। शाही पालकी होटल सम्राट हनुमान चौराहे से हाटरोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, होते हुए ठीक 8 बजे नारायणा गार्डन पहुँच जाएगी, जहां खाटू नरेश की महाआरती संपन्न होगी।

शाही पालकी महोत्सव के दौरान प्रति वर्ष सिर्फ गुना ही नहीं बल्कि दूरदराज से भी कॉफी संख्या में श्यामप्रेमी सम्मिलित होते हैं। समिति ने बाबा की शाहरी पालकी का स्वागत शहरवासियों से करने की अपील की है। इस दौरान घरों के आगे रांगोली सजाने, पुष्प वर्षा करने, इत्र वर्षा करने, आतिशबाजी करने, बाबा की आरती उतारने की अपील की है। इस दौरान सदर बाजार, लक्ष्मीगंज के व्यापारियों द्वारा हैलोजन भी लगाए हैं। समिति ने बताया कि श्याम प्रेमियों हेतु 3000 अन्नकूट महाप्रसादी थाली तैयार की जा रही हैं।

## महिलाओं से उतरवाए जेवरात और नगदी ले गए बदमाश

# कार को पंचर किया, फिर बदमाशों ने मारपीट कर हथियारों की नोंक पर की लूट

▸ पगारा टोल नाके के पास घटना

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत पगारा टोल नाके के आगे कार सवार एक परिवार के साथ नकाबपोश बदमाशों द्वारा मारपीट कर चाकू अड़ाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। चार बमदाशों ने चाकू की नोंक पर कार में सवार महिलाओं के सोने-चांदी के जेवरात एवं पुरूषों के नगदी रुपए लूट कर भाग गए। घटना के पूर्व उनकी कार को पंचर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आदित्य पुत्र लाखन सिंह यादव (27) निवासी ग्राम जनकपुर थाना पिछोर जिला ग्वालियर ने बताया कि वह गत दिवस अपनी माँ अर्चना यादव, ताई गुड्डीबाई, राजश्री यादव, जलधारा यादव, ऊषा यादव, भाभी मनीषा यादव के साथ किराए की कार क्रमांक एमपी07-जेडजी-5610 के साथ जनकपुर से इंदौर मामा संजय यादव के यहां मेरी बहन बुलबुल यादव की शादी के लिये भात मांगने गये हुए थे। गत रात वह सभी इंदौर से रात में वापस अपने घर ग्राम जनकपुर आने के लिए निकले थे। रात करीबन 2.30 बजे सभी ने पगारा टोल पर आकर रूके और वहां सभी ने चाय पी। करीबन 20 मिनट बाद हम सभी अपनी कार से पगारा टोल से रवाना होकर गौरा पुलिया के पास एबी रोड पर पहुंचे, तभी ड्रायवर पीयूष तिवारी बोला कि गाड़ी पंचर हो गई है। फिर ड्रायवर ने गाड़ी को साईड में खड़ा करके देखा तो आगे के दोनों पहिए पंचर हो गये थे। इस दौरान ड्रायवर ठंड होने एवं आसपास कोई पंचर आदि की दुकान नहीं होने गाड़ी में आकर बैठ गया। फिर इतने में 4 लोग हाथों में चाकू और डंडे लेकर आए। सभी लोग माथे में साफी बांधे हुए थे जिनके चेहरे खुले हुये थे। इस दौरान उन्होंने गाड़ी का कांच तोड़ने का प्रयास किया, तो परिजनों ने डर के कारण गाड़ी के कांच खोल दिए। बदमाशों ने परिजनों के साथ मारपीट की। उसके बाद चाकू की नोंक पर माँ से मंगलसूत्र, गले की चैन, कानों की झुमकी, एक अंगूठी, ताई ऊषा यादव के गले की चैन एवं कानों की एक जोडी झुमकी, ताई राजश्री यादव की कानों की झुमकी, ताई गुड्डीबाई के सोने के दो जोड़ी कंगन, एवं कानों के टाप्स एवं नगदी 8 हजार रुपये, ताई जलधारा यादव की दो अंगूठी, कानों के झाले, भाभी का कानों का सुई धागा एवं मंगलसूत्र एवं मुझसे 9 हजार रूपये नगदी लूट गए। उसके अलावा उनके तथा ड्रायवर के करीब 25 हजार रुपए लूटपाट कर मौके से गोरा अंडर ब्रिज तरफ भाग गए। लूटपाट के दौरान उन्होने मोबाईल भी छीन लिया था जो भागने से पहले फेंककर चले गए। घटना के बाद उन्होंने डायल 100 वाहन को फोन लगाकर मौके पर बुलाया। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों पर धारा 392 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

## ड्रायवर की लापरवाही से पलटा तेज रफ्तार ऑटो, 1 की मौत

▸ चालक पर गैर इरादतन हत्या का माामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** मधुसूदनगढ़ थानांतर्गत ग्राम लेमनगर-मधुसूदनगढ़ रोड पर तेज रफ्तार ऑटो पलट गया। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक पर गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल चैनसिंह पुत्र गनपत अहिरवार निवासी ग्राम बाघराज में इलाज के दौरान बताया कि रविवार देर शाम देवबाबा के मंदिर ग्राम देव-बरखेडी थाना नजीराबाद से दर्शन करके ऑटो क्रमांक एमपी 04 आरबी 0276 से मधुसूदनगढ आ रहा था। ऑटो में उसके अलावा चार अन्य सबारी बैठी थी।

इस दौरान ऑटो का ड्राईवर ऑटो को तेजी व लापरवाही से चला रहा था। जैसे ही वह लेमनगर मधुसूदनगढ रोड पर पहुंचे तो ऑटो के ड्राईवर ने लापरवाही पूर्वक ऑटो को रोड पर ही पलट दिया। जिसमें वह लोग घायल हो गए।

मौके पर गांव के लोगों ने फोन करके एम्बूलेंस को बुलाकर उन्हें ईलाज के लिए मधुसूदनगढ़ अस्पताल भेजा। घटना में कृष्णगोपाल यादव निवासी ग्राम नलखेडा की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने आरोपी ऑटो ड्रायवर पर धारा 279, 337, 304ए भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### सड़क किनारे बात कर रहे 4 युवकों पर चढ़ा ट्रक, 3 की हालत गंभीर

– इधर कैंट थानांतर्गत नानाखेड़ी मंडी में रोड किनारे स्कूटी खड़ी करके बातें कर रहे चार युवकों को एक ट्रक ने रौंद दिया। जिसमें तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम अजान राईन, रिजान राईन, फैजल राईन एवं अशिल खान ने बताया कि वह नानाखेडी मंडी के पास रोड किनारे खडे होकर आपस में बातें कर रहे थे। तभी धनिया मण्डी तरफ से एक ट्रक क्रमांक एमपी 33 एच0849 का चालक अपने ट्रक को तेजी व लापरवाई से चलाते हुये लाया और रोड किनारे खड़े इन युवकों पर चढ़ा दिया। जिसमें चारों को गंभीर चोटें आई हैं। घटना को अंजाम देकर ट्रक का चालक ट्रक को छोडक़र मौके से भाग गया। जिसमें तीन गंभीर युवकों को रैफर कर दिया गया है।

## कपड़ा गोदाम में आग लगाते दिखा संदिग्ध, पुलिस ने गिरफ्तार कर किया मामला दर्ज



▸ बैंकों में लंबित प्रकरणों का सभी बैंकर्स शीघ्र करें वितरण

**गुना, देशबन्धु।** शहर के बोहरा मस्जिद चौराहे पर स्थित कपड़ा दुकान में आग लगने से हुए करोड़ों रुपए के नुकसान के मामले में सनसनीखेज वाकया सामने आया है। उक्त मामले में सीसीटीव्ही फुटेज में एक आरोपी गोदाम में घुसते हुए दिखाई दिया। जिसके बाहर निकलते ही आग लग गई। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार धारा 436 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। दरअसल फरियादी विनोद कुमार जैन निवासी चौधरन कालोनी की लकी टेक्स टाइल्स नाम से कपड़े की थोक दुकान बोहरा मस्जिद चोराहे पर है। 15-16 नवंबर की रात्रि को उनकी दुकान में भीषण आग लग गई। इस दौरान आग को बुझाने में गुना के अलावा राघौगढ़, आरोन, एनएफएल-विजयपुर की करीब 8 फायर बिग्रेड लगानी पड़ी। जिसमें करीब 80 फायर बिग्रेड खाली हो गई। आग का ताड़व लगभग 12 घंटे तक चला। जिसमें करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।

मामले में पुलिस ने दुकान के आसपास के कैमरों को खंगाला तो उसमें हैरान करने वाला वाकया देखने को मिला। सीसीटीव्ही फुटेज में पवाँर(राजपूत) पुत्र घनश्याम पंवार निवासी बतासा गली (परिवर्तित नाम) के द्वारा आग लगाना सामने आया। सीसीटीव्ही फुटेज में आरोपी गोदाम के पीछे हिस्से में घुसते एवं उसके निकलते ही आग का विकराल रूप सामने आया। इस बारे में पीड़ित व्यापारी ने बताया कि उनका आरोपी से नवरात्रि के दौरान बोहरा मस्जिद चौराहे पर लगने वाली झांकी के दौरान मुंहवाद हो गया था। उन्हें भी उम्मीद नहीं थी कि आरोपी इस कदर रंजिश पाले है।

## लंबी छुट्टियों के बाद खुली मंडी तो हुई बंपर आवक



**गुना, देशबन्धु।** दीपावली और चुनावों की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार को कृषि उपज मंडी में डाक आरंभ हुई। लंबी छुट्टियों के बाद रिकॉर्ड ट्रेक्टर-ट्रॉली मंडी पहुंचे। यहां सोयाबीन, मक्का, उड़द, गेहूं, चना सहित अन्य उपजों की बंपर आवक हुई। इस दौरान मंडी में अपनी फसलों को विक्रय करने पहुंचे किसानों के ट्रेक्टर-ट्रालियो से पूरा मंडी परिसर फुल रहा। जिसके चलते नानाखेड़ी मंडी रोड पर कई बार जाम जैसे हालात भी निर्मित हुए।

हालांकि मंडी रोड पर जाम नहीं लगे और वाहन चालकों को परेशानी ना आये। इसके लिये मंडी गेट पर पुलिस तैनात की गई है। पुलिस वाहनों को रोक-रोक कर आगे भेजती रही, जिससे जाम की स्थिति नहीं बने। इधर नौ दिन बाद आज सोमवार से खुल रही मंडी में रविवार शाम से ही किसानों का पहुंचना शुरू हो गया था। सैंकड़ों ट्रे टर-ट्राली मंडी परिसर में एक दिन पहले ही पहुंच गए थे। उल्लेखनीय है कि इस बार जिले में मक्का की बंपर पैदावार हुई है। एक महिने से मंडी में मक्का की आवक बनी हुई है। सोमवार को आने वाले अनाज में भी अधिकतर मक्का ही शामिल है। करीब 30 हजार क्विंटल मक्का की आवक का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि मक्का के अलावा उड़द, सोयाबीन और धान की आवक भी हुई है। मंडी पहुंचे किसानों को भी अपने-अपने अनाज की नीलामी की जल्दी दिखी। कई किसानों ने बताया कि वे रविवार दोपहर से ही मंडी में पहुंच गए थे, ताकि उनके अनाज की नीलामी जल्दी हो और वे बेंचकर घर जा सकें। इन दिनों किसान रबी फसल की बोवनी और काम में जुट गए हैं। वहीं देवउठनी ग्यारस के साथ मांगलिक कार्यो की शुरूआत भी होने जा रही है। ऐसे में किसान मंडी में अपना ज्यादा समय नहीं खपाना चाह रहे हैं और जल्दी से जल्दी अनाज का विक्रयकर आगे के कामों में जुटना चाहते हैं।

### जमीन के सौदे को लेकर भिड़े 2 पक्ष, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** बमोरी थानांतर्गत जमीन के सौदे के लेनदेन के मामले में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी दिलशाद पुत्र अकबर खान निवासी ग्राम झूमका ने बताया कि करीबन 8 माह पहले उसने गांव के रामलाल बंजारा और घांसीलाल बंजारा को 3 लाख 70 हजार रूपये में जमीन बेची थी। जिसके उन्होंने 1 लाख 20 हजार रूपये मुझे दे दिये थे। बाकि शेष 2 लाख 50 हजार रूपये रहे गये। गत सुबह वह घांसीलाल बंजारा और रामलाल बंजारा से अपने शेष बचे रूपये मांगने उनके घर पहुंचा तो उन्होंने गाली गलौंच शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी घांसीलाल पुत्र अमरा बंजारा ने घायल रामलाल बंजारा, गोराबाई बंजारा, कमलाबाई बंजारा के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की कि उसने 10 बीघा जमीन दिलशाद की 2 लाख 60 हजार रूपये में खरीदी थीद्ध जिसके मेंने 1 लाख 30 हजार रूपये दे दिये थे। और 1 लाख 30 हजार रूपये शेष बचे थे। लेकिन दिलशाद ने वह जमीन राकेश बंजारा को भी बेच दी थी और कहने लगा कि तुम्हारे रूपये वापस ले लो। इसी बात पर गत दिवस उसके घर के सामने दिलशाद खान, इरशाद खान, गब्बू उर्फ अकवर खांन तीनों आए गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। जिसमें वह चारों घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

## पैसों के लेनदेन में भिड़े 2 पक्ष, धरनावदा थाने में उपयपक्षीय मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत ग्राम खिरिया में पैसों के लेनदेन को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी फरियादी निरंजन सिंह पुत्र स्व. मोहन सिंह धाकड़ ने अपनी बहन ज्योति धाकड़ एवं मामा का लडक़ा अरविन्द धाकड़ के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह गत दिवस वह अपने गांव के पास मजरा कलोनी में रामदयाल धाकड़ के घर पर बैठा था। तभी वहां बंकेश धाकड़, रोहित धाडक़, गोविन्द धाकड़ आए और मेरे पुराने पैसों के लेन देन पर गाली लगौंच करने लगे। फरियादी के अनुसार आरोपी बंकेश धाकड़ ने न्यायालय में चैक लगा दिया है। इसी मामले में उसने गाली गलौंच कर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आई बहन एवं मामा के बेटे के साथ उन्होंने मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 323, 294, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

इधर दूसरे के पक्ष के फरियादी बंकेश धाकड पुत्र स्व. हरिचरण धाकड़ निवासी खिरिया ने अपने लडके गोविन्द धाकड़ एवं राजकुमार लोधा के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह गांव के पास मजरा कालोनी रामदयाल के घर सामने खड़ा था। तभी गांव का निरंजन धाकड़, अरविंद धाकड़ मिले और उधारी के पैसों को लेकर गाली गलौंच कर मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए उनके बेटों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। इसी दौरान आरोपी की बहन ज्योति भी आ गई और उसने हम सब पर मिर्ची फेंकी। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### पैसे के लेनदेन में कलयुगी बेटी ने मां से की मारपीट

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानांतर्गत घोसीपुरा में पैसे के लेनदेन में एक कलयुगी बेटी ने अपने ही मां के साथ मारपीट कर दी। जिसमें मां खून से लथपथ हो गया। पुलिस ने फरियादी मां की शिकायत पर आरोपिया बेटी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया छुट्टो बाई रजक पति मथुरालाल रजक (55) निवासी घोसीपुरा आजाद कालोनी ने अपने बेटों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत की कि उसकी बेटी फूल बाई उनके ही मोहल्ले में किराये से रहती है। रविवार रात करीबन 9.30 बजे उसकी लडकी फूलबाई पैसों के लेन देन में उसके साथ गाली गलौंच करने लगी। मां ने बेटी को गाली देने से मना किया तो फूल बाई ने कपडे धोने की कुटनी से मां के साथ मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आई उनके बेटों के साथ भी आरोपिया ने मारपीट की। पुलिस ने फरियादी मां की शिकायत पर आरोपी बेटी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

**बाईक को लेकर भिड़े सगे भाई :** इधर जिले के चांचौड़ा थानांतर्गत ग्राम कालापीपल में शामिलाती मोटर सायकिल को लेकर दो भाई आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी चिन्टू पुत्र मानसिंह भील ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह और उसका भाई बलराम भील दोनों मिलकर शामिलाती में एक मोटर सायकल खरीदी है। गत रात उसके भाई बलराम नें उनकी शामिलाती मोटर सायकल चलाकर मोटर सायकल की तोडफ़ोड़ कर दी, जिस पर फरियादी ने बलराम से बोला मोटर सायकल कि तोडफ़ोड कैसे हुई।

## चित्रगुप्त मन्दिर में संगीतमय सुंदरकांड, चित्रगुप्त चालीसा और महाआरती का आयोजन

**आष्टा, देशबन्धु।** स्थानीय चित्रगुप्त मन्दिर में विजय श्रीवास्तव गोविंद श्रीवास्तव कमल किशोर श्रीवास्तव आमला मज्जू परिवार की और से संगीतमय सुंदरकांड चित्रगुप्त चालीसा हनुमान चालीसा और महाआरती का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को जय हनुमान मंडल अवंतीपुर बड़ौदिया की मंडली द्वारा किया गया। समाज के कई लोगो की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जनों गणेश कुमार माथुर संयोजक कायस्थ महासभा, अनिल श्रीवास्तव अध्यक्ष मनोहर श्रीवास्तव कार्यकारी अध्यक्ष नरेश माथुर अध्यक्ष मन्दिर समिति



सोनू श्रीवास्तव महादेव प्रसाद श्रीवास्तव सोहन श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी शंकर मंदिर के पुजारी हेमंत गिरी राजेश्वर बाबा रेणुका श्रीवास्तव रोहित श्रीवास्तव ममता श्रीवास्तव डॉक्टर संजय हजेला सुबोध हजेला महेश माथुर दिनेश माथुर राजीव गुप्ता मुकेश नामदेव मनीष डोंगरे रमेश मालवीय सुधीर मेहरवाल सुशील भोजवानी निर्मल दास बैरागी गोपाल पांचाल एवं अन्य गण मान्य नागरिको का सम्मान किया गया।

## कपिल परमार जिला कांग्रेस महामंत्री नियुक्त



**आष्टा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस प्रभारी बाबू लाल यादव जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलवीर तोमर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जगदीश चौहान की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस संगठन मंत्री गणेश तिवारी ने कांग्रेस नेता कपिल परमार भौंरा को महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी नियुक्त किया है । जिस पर स्थानीय कांग्रेसजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

छुद्ध परमार को बधाईयां दी बधाई देने वालो में कमल सिंह चौहान कांग्रेस प्रत्याशी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र सोभाखेड़ी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष जावर अरविंद सिंह ठाकुर सेमली ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण महेश मुंदीखेडी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सिद्दीकगंज कृपाल सिंह मालवीय, बनप सिंह पटेल मेहरबान सिंह मुंदीखेडी तेज सिंह जावरिया ,गजराज सिंह पटेल ,भोपाल सिंह दादा , यशवंत पाटीदार, चेतन सिंह ठाकुर सेमली पुरण सिंह मालवीय, महेश परमार भटोनी, महेश पटेल रामचरण दवारिया, प्रेम सिंह मेवाडा ,देवेंद्र सिंह ठाकुर, अमजद खान रामेश्वर परमार, रवि परमार, प्रीतम परमार, देवेंद्र परमार, आंनद परमार रोहित परमार, भेरू सिंह चौहान गोविंद परमार धर्मेंद्र परमार जगदीश पूर्व सरपंच गोविंद परमार संदीप परमार राजकुमार परमार भंवरी अंकुर परमार भंवरी परमार मनोज परमाल शामिल रहे।

## फल सब्जी लहसून प्याज मंडी का हुआ शुभारंभ

# व्यापारियों की मेहनत और ईमानदारी से मिली मंडी को पहचान

*__आष्टा, देशबन्धु।__ नगर की मंडी का आर्थिक विकास आष्टा के फल, सब्जी, लहसून एवं प्याज व्यापारियो की दिन रात की मेहनत पर आधारित हैं। नगर के व्यापारियों की कडी मेहनत का ही परिणाम हैं कि आष्टा फल सब्जी मंडी को प्रदेश में एक अच्छी मंडी के रूप में पहचाना जाता हैं।*

*इस आशय के उद्गार प्रदेश कांग्रेस महामंत्री एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने फल सब्जी लहसून और प्याज मंडी के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के उद्बोधन में व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान ने कहा कि आष्टा फल, सब्जी, लहसून एवं प्याज व्यापारियों के अथक परिश्रम, ईमानदारी से वर्तमान समय में आष्टा की लहसून प्याज मंडी को पूरे देश में एक श्रेष्ठ मंडी के रूप में जाना जाता हैं, उन्होंने सभी व्यापारियों से वर्तमान प्रतिस्पर्धा के व्यापारिक दौर में आधुनिक टेक्नोलाजी को अपने व्यापार में अपनाने को कहा। एआईसीसी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गुलाब बाई ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र शोभाखेड़ी ने भी संबोधित किया। उन्नतिशील फल, सब्जी विक्रेता संघ*



*अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने सभी व्यापारियों एवं किसानों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए एक अच्छा व्यापारिक माहौल प्रदान करने के लिए जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, मंडी अधिकारियों एवं कर्मचारीगण, व्यापारियों, आढ़तियों, किसानों, छोटे-छोटे सब्जी फुटकर व्यापारियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। दीपावली के बाद फल, सब्जी, लहसून, प्याज मंडी का शुभारंभ शास्त्रोक्त विधि विधान के साथ नगर पुरोहित पंडित मनीष पाठक एवं पंडित मयूर पाठक द्वारा मंत्रोपचार एवं विधिपूर्ण पूजन करवाकर किया गया।*

*फल सब्जी मंडी के शुभारंभ अवसर पर लहसुन उत्पादक किसान संतोष पिता रणजीत सिंह परमार निवासी मुरावर की लहसुन 22200 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में वाहीद ट्रेडर्स फर्म के प्रोपराईटर वाहीद राईन एवं आशीक मामा ने खरीदी। उन्नतिशील फल विक्रेता संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह व संघ के अन्य पदाधिकारियों ने लहसुन उत्पादक किसान संतोष परमार का साफा बांधकर तथा माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। व्यापारी संघ अध्यक्ष नरेन्द्र कुशवाह ने अतिथिगण कैलाश परमार, कमल सिंह चौहान, प्रदीप प्रगति, हरपाल सिंह ठाकुर, श्रीमति गुलाब बाई ठाकुर, जीतेन्द्र शौभाखेडी, पूर्व पार्षद बाबूलाल मालवीय, मंडी सचिव श्रीमति प्रवीण चौधरी, मंडी निरीक्षक नाथूराम , अशोक माली, दिनेश सोनी, वीरेन्द्र ठाकुर, जितेन्द्र ठाकुर, बहादुर सिंह मेवाडा आदि का भी बेच लगाकर व साफा बांधकर एवं प्रतीक चिन्ह सौपकर स्वागत किया।*

*शुभारंभ अवसर वरिष्ठ व्यापारी मनोज कुशवाह, आशिक मामा, अजय कुशवाहा, विनोद तिवारी , साबिर राईन, सुशील कुशवाह, रियाज राईन, शंकर पाटीदार, समद राईन, अजीज भाई, अफसर भाई, नफीस भाई, कल्लू राईन, आमीन सेवदा, वसीम राईन, जमना मालवीय, अजीज भाई, शौकत भाई खड़ी जाहिद चाचा, रेय्यान भाई, धरम सिंह, आजाद राईन, जुबेर राईन, मेहबूब सेवदा, जफर राईन, अफसर जहीरी, वसीम राईन ,निखिल कुशवाह जगदीश कुशवाह, माजिद भाई, रफीक भाई, आदि मौजूद थे।*

# शहर में दूषित हवा से संभागायुक्त चिंतित, कलेक्ट्रर को दिए निर्देश



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल की हवा प्रदूषित हो रही है। स्थिति यह है कि लोग दिवाली की रात से भी ज्यादा प्रदूषित हवा में सांस ले रहे हैं। इससे शहर का हवा गुणवत्ता मापक (एक्यूआई ) 326 तक पहुंच चुका है। इसे देखते हुए संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने कलेक्टर , नगर निगम आयुक्त समेत अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर से भोपाल में धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करने को कहा है। ताकि, एक्यूआई में सुधार हो सके।

संभागायुक्त डॉ. शर्मा ने भोपाल शहर में बढ़ते प्रदूषण और दूषित हवा को सामान्य स्तर पर लाने के लिए कलेक्टर आशीष सिंह और नगर निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. को तत्काल पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कलेक्टर से कहा है कि आवश्यक हो तो धारा 144 के तहत भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर एक्यूआई सुधारा जाए। उन्होंने शहर में चल रहे सभी बड़े निर्माण कार्यों का तत्काल निरीक्षण करने और निर्माण कार्यों में अपनाए जाने वाले पर्यावरण मानकों का पालन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पराली जलाने के मामलों को भी संज्ञान में लेने और किसानों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यक होने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं।

डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नगर में पीयूसी की संख्या बढ़ाई जाए और भोपाल की सभी सीमाओं से गुजरने वाले वाहनों के प्रदूषण स्तर की जांच अनिवार्य की जाए। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप पर पीयूसी संचालित करने के लिए भी कहा है। उन्होंने नागरिकों से भी कहा है कि वे बेवजह कचरे में आग न लगाएं और आवश्यक निर्माण कार्य भी सभी तरह की सावधानियों के साथ करें। बैठक में बताया गया कि जिला प्रशासन मंगलवार को दूषित वायु के स्तर को सुधारने के लिए संबंधितों की बैठक में त्वरित कार्य योजना बनाकर तत्काल अमल भी प्रारंभ करेगा।

### निर्माण एजेंसियों के लिए भी दिए निर्देश

संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि धूल कण हवा में नहीं जाने से रोकने के लिए हरी नेट लगाए। साथ ही मानक बनाए रखने के लिए समय-समय पर पानी का छिड़काव भी किया जाए। उन्होंने सभी तरह के ईंधन से होने वाले धुएं के स्त्रोत का पता लगाने और इधर-उधर कचरा जलाना तत्काल प्रतिबंधित करने के लिए भी कहा है। बता दें कि शहर की प्रदूषित हवा का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ा है। अस्पतालों की ओडीपी में अस्थमा से पीड़ित मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जेपी और हमीदिया हॉस्पिटल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। शहर में वायु गुणवत्ता मापने के लिए टीटी नगर, पर्यावास भवन और ईदगाह हिल्स में ऑटोमैटिक सिस्टम लगे हैं। इस समय तीनों ही जगह में अभी एक्यूआई 3 सौ के पार है।

### जीवन रक्षक दवाईयों और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करें

उधर संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने सोमवार को गांधी मेडीकल कॉलेज में संपन्न बैठक में हमीदिया अस्पताल में रोगी सुविधाओं की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करते हुए अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि स्टेंट जैसे जीवन रक्षक उपकरणों के साथ ही इसी तरह के संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता अनिवार्यतः सुनिश्चित की जाए, जिससे रोगियों को समुचित उपचार उपलब्ध करवाया जा सके। डॉ. शर्मा ने कहा कि हमीदिया की कैथ लैब को सुचारू बनाए रखने के लिए स्टेंट का 10 दिन का स्टॉक रखा जाए। उन्होंने सर्जरी, अर्थोपेडिक आदि विभागों में भी जीवन रक्षक उपकरणों और दवाईयों का पर्याप्त भंडारण रखने के लिए कहा हैं। डॉ. शर्मा ने आउट सोर्स से तीन लेयर पैथालॉजी की सेवाएं एक सप्ताह में लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मर्चुरी के विस्तारीकरण कार्य की समीक्षा कर कोल्ड रूम आदि निर्माण की स्थिति भी जानी। बैठक में डीन डॉ. सलिल भार्गव, अधीक्षक डॉ. आशीष गोहिया तथा विभिन्न फेकल्टी के चिकित्सक उपस्थित थे।

## *अचानक सरकारी स्कूलों में पहुंचे कलेक्टर, 4 शिक्षक निलंबित*

### *2 को नोटिस, 2 आउटसोर्स ऑपरेटर की सेवा समाप्त*



*__भोपाल, देशबन्धु।__ कलेक्टर आशीष सिंह मंगलवार सुबह अचानक सरकारी स्कूलों में निरीक्षण करने पहुंच गए। इस दौरान चार शिक्षक, एक बाबू (सहायक ग्रेड-3) गायब मिले। इन्हें निलंबित कर दिया गया। वहीं, दो आउटसोर्स ऑपरेटरों की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज सिंह, एसडीएम विनोद सोनकिया सहित संबंधित अधिकारी भी मौजूद थे।*

*कलेक्टर सिंह को शासकीय उमाव रूनाहा, शासकीय माध्यमिक शाला नजीराबाद, शासकीय मावि शाला सूरजपुरा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण में कई शिक्षक, शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिलें। जिस पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अनुपस्थित शिक्षक, शिक्षिका के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। औचक निरीक्षण में अनुपस्थित माध्यमिक शिक्षक सुशीला सोलंकी, सहायक ग्रेड-3 शुभम सिंह, प्राथमिक शिक्षक कुमुद कुशवाह, मीना चतुर्वेदी, नानकप्रसाद अहिरवार को निलंबित किया गया। इसके साथ शिक्षिका नीलम शर्मा और आरती त्रिपाठी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। अनुपस्थित मिले दो आउटसोर्स ऑपरेटर कान्हा मीणा एवं भजन गौर की सेवा समाप्त की गई है। शासकीय माध्यमिक विद्यालय नजीराबाद की प्रभारी प्रधान अध्यापिका की दो वेतनवृद्धि रोकी गई है।*

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्त

*कलेक्टर आशीष सिंह ने आज ग्राम सूरजपूरा बैरसिया के आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाया गया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिली। इस पर कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती राजकंवर की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रियंका दीवान का 7 दिवस का वेतन काटने एवं दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए गए।*

## *बंगाल की खाड़ी में उठे तूफान से मप्र में बारिश के आसार*



*__भोपाल, देशबन्धु।__ मध्य प्रदेश में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल रहा है। बंगाल की खाड़ी से उठे मिधिली तूफान और उत्तर भारत में बन रहे पश्चिमी विक्षोभ के चलते वर्षा के आसार हैं। प्रदेश के कई क्षेत्रों में 26-27 नवंबर को हल्की वर्षा हो सकती है। राजधानी भोपाल समेत कई जिलों में दो दिनों तक बादल छाए रहेंगे। इसके बाद नवंबर अंत से तापमान में तेजी से गिरावट आएगी और तेज सर्दी शुरू हो जाएगी।*

*मौसम विज्ञान केन्द्र मौसम विज्ञानी डा. वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में तूफान मिधिली उठा है। इसके साथ ही 24-25 नवंबर को उत्तर भारत में एक और पश्चिमी विक्षोभ पहुंच रहा है। इसके चलते अभी आने वाले एक हफ्ते तक तेज ठंड की संभावना नहीं है। लेकिन 26 या 27 नवंबर को कुछ हिस्सों में हल्की बारिर्श हो सकती है। खासकर पश्चिमी हिस्से में वर्षा होने के आसार हैं। वैसे प्रदेश के अधिकांश इलाकों में तापमान गिरने से सुबह और रात में ठंड का अहसास होने लगा है। लेकिन धार, गुना, नर्मदापुरम, खंडवा, खरगोन, रतलाम, उज्जैन, नरसिंहपुर जैसे 20 जिले ऐसे हैं, जहां सोमवार को भी तामपान 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया।*

*वहीं प्रदेश में सबसे ठंडे जिलों की बात की जाए तो बैतूल में दिन का तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि रात में पचमढ़ी सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके साथ ही राजगढ़ में पारा 13.6 डिग्री सेल्सियस दतिया में 13 डिग्री सेल्सियस ग्वालियर में 13.8 डिग्री सेल्सियस रहा।*

## मैकेनिक की दुकान में लगी आग, 4 वाहन जले



**भोपाल, देशबन्धु।** एमपी नगर जोन दो में रविवार रात बिजली के खंबे में हुए शार्ट सर्किट की वजह से एक मैकेनिक की दुकान में आग लग गई। जिससे वहां रखे चार दो पहिया वाहन भी जल गए। जब यह घटना हुई, उस समय दुकान बंद थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर अग्निशमन दमकलें और दुकानदार पहुंचे और आग पर काबू पाया।

नगर निगम के अग्निशमन प्रभारी रामेश्वर नील ने बताया कि एमपी नगर जोन दो में लश्कर गजक के पास एक मैकेनिक की दुकान है। रविवार 10 बजे रात यहां आग लगने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर बोगदा पुल, फतेहगढ़ और कबाड़खाना समेत अन्य फायर स्टेशनों से सात दमकलें भेजी गई। दुकान बंद होने से दमकलकर्मी बाहर की आग बुझाते रहे, बाद में दुकानदार आया तो दुकान खुलने के बाद अंदर की आग बुझाई गई। रात करीब 11 बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

उधर दुकानदार ने बताया कि दुकान में चार दो पहिया वाहन बनने के लिए आए थे, लेकिन रात अधिक होने से उनका सुधार नहीं हो पाया और उन्हें दुकान में रखकर घर चला गया था। आग लगने से दुकान के अन्य सामान के साथ ग्राहकों के वाहन भी जल गए।

### आइल से चपेट में आइ दुकान

इधर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रात में करीब 10 बजे बिजली के पोल में शार्ट सर्किट हो रहा था, जिससे इसकी चिंगारी जमीन पर गिर रही थी। वहीं जमीन पर काफी मात्रा में मैकेनिक की दुकान का आइल पड़ा था। उसने चिंगारी से आग पकड़ ली और इससे दुकान भी चपेट में आ गई।

## मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ की पहली बैठक में मुद्दे तय

**भोपाल, देशबन्धु।** नवगठित मंत्रालय सेवा अधिकारी-कर्मचारी संघ कार्यकारिणी की पहली बैठक सोमवार को मंत्रालय में आयोजित हुई, जिसमें प्राथमिकता और एजेंडा तय किया गया। बैठक में तय हुआ कि प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त/संलग्न और आउटसोर्स पर मंत्रालय में नियुक्त कर्मचारियों-अधिकारियों की समस्याओं एवं मांगों के लिए भी संघर्ष किया जाएगा। आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए पृथक प्रकोष्ठ गठित किया जा रहा है जो इस संगठन के संरक्षण में काम करेगा।

बैठक में सदस्यता की समीक्षा की गई और मतदान के जरिए कार्यकारिणी का चुनाव कराने की तैयारियों पर विचार किया गया। चुनाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं मतपेटी, बूथ निर्माण इत्यादि के लिए सतीश शर्मा को अधिकृत किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2022 में पंजीयक फर्म्स एंड सोसायटी ने मध्य प्रदेश सचिवालयीन अधिकारी-कर्मचारी संघ का पंजीयन समाप्त कर दिया था, 7 नवंबर को संघ का नए नाम से गठन किया गया है। बैठक में संघ के संरक्षक सुधीर नायक, अध्यक्ष राजकुमार पटेल, सचिव आलोक वर्मा, आशीष सोनी, सतीश शर्मा, मतीन खान, ठाकुरदास प्रजापति, संतोष बड़ोदिया, हरि शरण द्विवेदी, सरस्वती वर्मा, अनिल मंडलोई, प्रियंक श्रीवास्तव, कपिल शेवानी, श्याम बिहारी दुबे, हरीश बाथम, राधेश्याम शाक्य, विक्रम बाथम उपस्थित थे।

## 9 वीं कक्षा के छात्र ने घर में फांसी लगाकर की खुदकुशी

### शादी से लौटे भाई ने सबसे पहले फंदे पर लटका देखा शव

**भोपाल, देशबन्धु।** टीला जमालपुरा स्थित पुराना आरटीओ इलाके में रहने वाले नौवीं कक्षा के एक छात्र ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिलने से मौत के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

टीला जमालपुरा थाना पुलिस ने बताया कि मोहम्मद जकी पुत्र मोहम्मद जाहिद उम्र 15 वर्ष निवासी पुराना आरटीओ ऑफिस के करीब मकान नंबर 6 पुतली घर नौवीं कक्षा का छात्र था। वह घर के करीब ही स्थित एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई करता था। उसके दो बड़े भाई जैद और कैफ हैं। पिता ई रिक्शा चालक हैं। रविवार देर शाम को जकी के परिजन एक परिचित की शादी में गए हुए थे। वहां से रात में सबसे पहले बड़ा भाई जैद लौटा। उसने घर का दरवाजा अंदर से बंद देखा। काफी आवाजें देने पर भी दरवाजा नहीं खुला तो उसने अन्य परिजनों को सूचना दी। इसी बीच पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचा तो छोटे भाई को पंखे पर बने फंदे पर लटका देखा। उसने शव को पंखे से उतारा। इस बीच अन्य परिजन भी घर पहुंच गए थे। वे जकी को पहले एक निजी अस्पताल ले गए, इसके बाद हमीदिया पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पुलिस ने मर्ग कायम किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

पुलिस ने बताया कि परिजनों ने बयानों में खुदकुशी का कोई ठोस कारण नहीं बताया है। घटना स्थल की तलाशी में कोई पत्र नहीं मिला है। एफएसएल की टीम ने भी स्पॉट का मुआयना सोमवार को कर लिया है।

### शादी में जाने से इनकार कर दिया था

मृतक के भाई जैद ने बताया कि जकी ने शादी में जाने से मना कर दिया था। वह माता-पिता के कहने पर भी राजी नहीं हुआ। मैं लौटा तो उसके शव को फंदे पर लटका देखा। उसने कभी किसी परेशानी का जिक्र नहीं किया। स्कूल में भी किसी परेशानी का जिक्र उसने कभी नहीं किया। हम उसे मोबाइल फोन भी नहीं देते थे। अगर उसे मोबाइल का कोई काम होता था तो मां के मोबाइल का उपयोग करता था।

## मंत्री के बंगले पर कर्मचारी ने की खुदकुशी

**भोपाल, देशबन्धु।** कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश सकलेचा के बंगले पर देखरेख का काम करने वाले एक कर्मचारी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे जेपी अस्पताल ले जाया गया। वहां से हमीदिया रैफर कर दिया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। टीटी नगर थाने पुलिस के मुताबिक रमेश रजक पुत्र लक्ष्मण रजक उम्र 58 वर्ष मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा के बंगले पर रहकर देख-रेख का काम करते थे। रविवार शाम को शराब के नशे में उन्होंने जहर खा लिया था। तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था। यहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। मृतक के बड़े बेटे सुनील रजक ने बताया कि रविवार शाम को पता को अचानक उल्टियां होने लगी। हम उन्हें जेपी अस्पताल ले गए। रास्ते में उन्होंने जहरीला पदार्थ खाने की बात बताई। वहां से हमीदिया रैफर कर दिया गया। यहां उनकी मौत हो गई।

## अब मतगणना का ककहरा सीखेंगे भोपाल के 12 सौ कर्मचारी

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल की सातों विधानसभाओं में 17 नवंबर को मतदान होने के बाद अब मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। करीब 12 सौ कर्मचारी मतगणना कराएंगे। इसके लिए उन्हें दो बार प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें वे मतगणना का ककहरा सीखेंगे। ताकि, मतगणना के दौरान किसी प्रकार की दिक्कतें न हो।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मतगणना पुरानी जेल में 3 दिसंबर को होगी। सुबह 8 बजे से इसकी शुरुआत हो जाएगी। मतगणना कराने की जिम्मेदारी करीब 12 सौ कर्मचारियों पर रहेगी। इसलिए उन्हें इसका बारीकीं से प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण दो बार दिया जाएगा। पहला प्रशिक्षण 26 नवंबर के बाद होगा। वहीं, दूसरा प्रशिक्षण 30 नवंबर को दिया जा सकता है। भोपाल के समन्वय भवन और मॉडल स्कूल में दो सत्रों में प्रशिक्षण होगा। दोनों सत्रों में 600-600 कर्मचारी शामिल होंगे। मास्टर ट्रेनर्स कर्मचारियों को मतगणना से जुड़ी हर जानकारी देंगे।

### पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पहले की तरह सामान्य अवकाश मिलेगा

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को पहले की तरह सामान्य अवकाश दिए जाएंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी)सुधीर कुमार सक्सेना ने इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी कर दिए हैं। डीजीपी ने यह भी कहा है कि तीन दिसंबर को चुनाव के परिणाम आने के बाद कानून-व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द की स्थिति सामान्य बनाए रखने के लिए पहले से ही अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। गौरतलब है कि पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव के चलते अभी तक तक सीमित अवधि के लिए ही अवकाश स्वीकृत करने के निर्देश थे।

## महिला से घर में घुसकर दुष्कर्म, पीड़िता ने डेढ़ साल बाद दर्ज कराया प्रकरण

**भोपाल, देशबन्धु।** खजूरी इलाके में महिला से युवक ने घर में घुसकर ज्यादती की। घटना के समय पीड़िता घर में अकेली थी। विरोध करने पर आरोपी ने शादी का झांसा दिया था। बाद में आरोपी ने कई बार उसे साथ संबंध बनाए। अब युवक ने शादी करने की बात से साफ इनकार कर दिया है। इस पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय महिला खजूरी सड़क थानाक्षेत्र की एक कॉलोनी में रहती है तथा मजदूरी करती है। उसके साथ देवेन्द्र जाटव नाम का युवक भी मजदूरी करता था। साथ में का करने के दौरान दोनों के बीच पहले दोस्ती हुई बाद में उनके बीच नजदीकी संबंध बन गए। चूंकि दोनों एक ही तरह का काम करते थे, इसलिए देवेन्द्र का महिला के घर आना-जाना था। करीब डेढ़ साल पहले एक दिन देवेन्द्र महिला के घर पहुंचा, इस समय महिला घर पर अकेली थी। सूनेपन का फायदा उठाते हुए उसने महिला के साथ जोर-जबरदस्ती करते हुए दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने महिला को शादी करने का झांसा दिया तथा उसका शारीरिक शोषण करने लगा। पिछले दिनों जब महिला ने शादी करने का दबाव डाला तो देवेन्द्र ने शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद महिला ने मामले की शिकायत पुलिस को कर दी। खजूरी सड़क पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बलात्कार का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 3 दिन बाद खुले रजिस्ट्री कार्यालय, सौ से ज्यादा संपत्तियों के सौदे हुए

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के आईएसबीटी और परी बाजार स्थित रजिस्ट्रार दफ्तर तीन दिन की छुट्टी के बाद सोमवार को खुले। इस दिन सौ से ज्यादा संपत्तियों के सौदे हुए। हालांकि अधिकांश लोगों ने एक दिन पहले रविवार को ही स्लॉट बुक कर लिए थे ताकि परेशानी न हो। लेकिन 3 दिन की छुट्टी होने के बाद रजिस्ट्री दफ्तर में सामान्य भीड़ ही दिखाई दी। जानकारी के मुताबिक सोमवार को आईएसबीटी स्थित दफ्तर में करीब सौ रजिस्ट्री हुई। जिनमें से 70 से 80 रजिस्ट्री जवाहर चौक जोन में, जबकि 20 से 30 रजिस्ट्री गोविंदपुरा जोन में हुईं। उल्लेखनीय है कि धनतेरस के बाद दो दिन सरकारी छुट्टी के चलते रजिस्ट्री दफ्तर बंद थे। वहीं चुनावी ड्यूटी में अफसरों के तैनात होने के चलते भी रजिस्ट्री दफ्तरों में काम प्रभावित हुआ था। विधानसभा चुनाव की वजह से शुक्रवार को दफ्तर बंद रहे। वहीं, शनिवार-रविवार को सरकारी छुट्टी थी। इस कारण दफ्तर लगातार तीन दिन तक बंद रहे।

## मैनिट का दीक्षा समारोह 25 को, 3 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलेगी उपाधि



**भोपाल, देशबन्धु।** मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (मैनिट) का 19 वां और 20 वां दीक्षा समारोह 25 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। इसमें वर्ष 2022 और 2023 बैच के पासआउट 3 हजार 159 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी। दीक्षा समारोह में दोनों बैच को मिलाकर यूजी में 34 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

मैनिट प्रबंधन ने बताया कि यह कार्यक्रम 25 नवंबर को सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेगा। समारोह में मैनिट के कुलपति और कुलसचिव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। समारोह में वर्ष 2022 बैच के दीक्षा समारोह में यूजी में 962 विद्यार्थियों को उपाधि दी जाएंगी। इनमें बीटेक के 849, बीआर्क 76 और बी प्लान के 37 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। वहीं पीजी में एमबीए के 31, एमसीए 94, एमटेक के 425 व एम प्लान के 34 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। पीजी में 584 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। इसमें 34 विद्यार्थियों में 17 को स्वर्ण और 17 को रजत पदक मिलेगा। समारोह में 36 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। इस बैच के 1 हजार 582 विद्यार्थियों को उपाधि मिलेगी।

वहीं वर्ष 2023 बैच के 20वें दीक्षांत में यूजी में बीटेक के 925, बी आर्क 78 और बी प्लान में 39 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी।कुल एक हजार 42 को डिग्री बांटी जाएगी। 34 विद्यार्थियों में से 17 को गोल्ड और 17 को सिल्वर मेडल मिलेगा। वहीं, पीजी में 22 एमबीए, 105 एमसीए, 298 एम टेक, 31 एम प्लान, 15 को एमएससी फिजिक्स और 14 को एमएससी केमिस्ट्री की उपाधि मिलेगी। पीजी में 485 को डिग्री बांटी जाएगी। इसमें 50 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि दी जाएगी। इस बैच के कुल एक हजार 577 विद्यार्थियों को उपाधि मिलेगी।

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 21 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में टीम इंडिया और खेल भावना की हार

रविवार 19 नवंबर 2023 का दिन भारत के लिए ऐतिहासिक हो सकता था। 1983 और 2011 की तरह टीम इंडिया क्रिकेट विश्वकप तीसरी बार जीत सकती थी। लेकिन खेल है तो हार-जीत लगी रहती है। और इस बार टीम इंडिया सभी मैचों में अपराजेय रहने के बावजूद फाइनल का मुकाबला हार गई। इसका मतलब यही है कि भारतीय टीम मजबूत है, उसके पास बेहतरीन खिलाड़ी हैं, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पास अकूत धन-संपत्ति है, जिससे वो सभी तरह की सुविधाएं और साधन खिलाड़ियों को मुहैया करा सकती है। यह सब होने के बावजूद भारतीय टीम ठीक-ठाक स्कोर बनाकर भी हार गई, तो इस हार को गरिमा के साथ स्वीकार करने में ही क्रिकेट की शोभा है, जिसे भद्रजनों का खेल भी कहा जाता है। लेकिन अफसोस कि इस बार क्रिकेट विश्वकप की मेजबानी करते हुए भारत में न केवल भारतीय टीम हारी, बल्कि खेल भावना भी नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में बुरी तरह मात खाती नजर आई।

दरअसल खेल भावना की हार की पटकथा तो उसी दिन से लिखनी शुरु हो गई थी, जब सरदार पटेल के नाम पर बने स्टेडियम को मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर किया गया। इतने बड़े देश में कई और नए स्टेडियम बनाए जा सकते हैं और इनमें से किसी का भी नाम प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर हो सकता था, लेकिन तुच्छ राजनैतिक सोच के कारण नाम बदलने का जो सिलसिला शुरु हुआ है, उसका एक और उदाहरण नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में देखने मिला। 1 लाख 32 हजार लोगों को बिठाने की क्षमता वाले स्टेडियम का जब फिर से उद्घाटन हुआ था, तो यहां कोई खेल प्रतियोगिता आयोजित न होकर नमस्ते ट्रंप कार्यक्रम किया गया। खेल और राजनीति के घालमेल का यह मोदीयुगीन उदाहरण था। इसके बाद ऐसी कई और मिसालें देखने मिली हैं।

महिला पहलवानों ने अपने साथ हुए यौन शोषण की न केवल शिकायत की, बल्कि इसके लिए अदालत तक से गुहार लगा दी, जंतर-मंतर पर लंबा धरना-प्रदर्शन किया। लेकिन जिस ब्रजभूषण शरण सिंह पर मुख्यत: आरोप हैं, वो आज भी संसद में मौजूद है और पीड़ित खिलाड़ी इंसाफ की बाट जोह रहे हैं। इन खिलाड़ियों के समर्थन में संसद में ही मौजूद नामचीन खिलाड़ी पी टी उषा ने कोई आवाज नहीं उठाई, उल्टा उन्हें नसीहत दे दी। लेकिन भारत को पहला विश्वकप दिलाने वाले कपिल देव ने महिला खिलाड़ियों के हक में आवाज उठाई थी, तो वे इस बार नरेन्द्र मोदी स्टेडियम नहीं पहुंच पाए। कपिल देव ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि वे तो चाहते थे कि उनके साथ पहली बार विश्वकप उठाने वाली पूरी टीम फाइनल मुकाबला देखने पहुंचती, लेकिन बीसीसीआई शायद इतने जरूरी कामों में व्यस्त है कि उन्हें फाइनल मुकाबला देखने के लिए आमंत्रित ही नहीं किया गया। वैसे ये देखना रोचक है कि कपिल देव के किरदार को सिनेमा में उतारने वाले रणवीर सिंह अपनी पत्नी दीपिका पादुकोण के साथ नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में मौजूद थे। फिल्मी, उद्योग और आध्यात्मिक व्यापार से जुड़े कई नामी लोग स्टेडियम में टीम इंडिया का हौसला बढ़ाने के लिए मौजूद थे। भारत रत्न सचिन तेंदुलकर और जग्गी वासुदेव अगल-बगल ही बैठे थे और उन दोनों को आपस में बात करते हुए देखा गया। हालांकि सचिन के आखिर विश्वकप में उन्हें जीत का तोहफा देने वाले कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी भी इस फाइनल मुकाबले में नहीं रहे। शायद बीसीसीआई के लिए क्रिकेट के अहम हस्ताक्षरों से कहीं जरूरी उन लोगों की मौजूदगी थी, जिनके कारण यह खेल सोने का अंडा देने वाली मुर्गी की तरह बना हुआ है। खेल भावना में हार का यह एक और उदाहरण है।

विश्वकप मुकाबले में भारत की जीत की उम्मीदें लगाए दर्शकों को काफी मायूसी हुई और यह जायज भी है। लेकिन इसके लिए बहुत से लोगों ने, जिनमें कई राजनेता भी शामिल हैं, नरेन्द्र मोदी को जिम्मेदार ठहराना शुरु कर दिया। अगर इस हार का ठीकरा मोदी सरकार की खेल नीति की वजह से फोड़ा जाता, तब भी बात समझ में आती। मगर कई लोगों ने नरेन्द्र मोदी के लिए पनौती शब्द का इस्तेमाल किया, सोशल मीडिया पर भी यह शब्द ट्रेंड करने लगा। यह सरासर खेल भावना के विरुद्ध बात है। खेल से तो शारीरिक और मानसिक तंदुरुस्ती अच्छी होती है, इसमें अंधविश्वास जैसी बीमारी की कोई जगह नहीं होनी चाहिए। नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी शिकायत का कारण हो सकती है, क्योंकि जब देश में मणिपुर की गंभीर समस्या है, जब उत्तरकाशी की सुरंग में आठ दिनों से मजदूर फंसे हुए हैं, ऐसे संकटों के बीच प्रधानमंत्री मोदी खेल का आनंद लेने के लिए पहुंचे, यह सही बात नहीं है। श्री मोदी से इस बात की भी शिकायत की जा सकती है कि उनके शासन में देश ये कैसे मुकाम पर आ पहुंचा है, जहां धर्म और राष्ट्रवाद के उन्माद में हम मेहमाननवाजी और सामान्य शिष्टाचार भी भूलते जा रहे हैं। इसी स्टेडियम में पिछले महीने पाकिस्तान के साथ हुए मुकाबले में दर्शकों ने जय श्री राम के नारे लगाकर भारत की अतिथि परंपरा को ठेस पहुंचाई थी। उसके बाद रविवार को आस्ट्रेलियाई टीम के साथ भी ऐसा ही व्यवहार किया गया। उनकी जीत और अच्छे प्रदर्शन पर वाहवाही की जगह सन्नाटा पसरा रहा। लाख की क्षमता वाले स्टेडियम में जब विजेता टीम विश्वकप उठा रही थी तो उसकी हौसलाअफजाई के लिए उंगलियों पर गिने जाने लायक दर्शक मौजूद थे, खुद प्रधानमंत्री आस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को मंच पर ट्राफी के साथ अकेले छोड़कर चले गए। श्री मोदी के गृहराज्य और उनके नाम पर बने स्टेडियम में विजेता टीम के साथ यह अफसोसनाक व्यवहार हुआ, इसकी शिकायत होनी चाहिए। पनौती जैसे शब्दों के साथ विरोध करने वाले अपने पक्ष को ही कमजोर कर रहे हैं।

आखिरी बात, नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत विश्वकप जीतता तो भाजपा इसे भी चुनावी मुद्दे की तरह इस्तेमाल करती। एक टीवी चैनल ने तो शीर्षक ही लगा दिया था कि मोदी पहुंचे स्टेडियम, अब भारत की जीत पक्की। मोदी राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी हो सकते हैं, लेकिन क्या बचपन से उन्होंने क्रिकेट की दीक्षा भी ली है, इस तथ्य का खुलासा होना अभी बाकी है। बहरहाल, आस्ट्रेलिया की लगातार छठवीं जीत और भारतीय टीम की हार के बीच भारत में खेल भावना क्यों हारती जा रही है, इसकी समीक्षा जरूरी है। आस्ट्रेलिया के अखबार तो हमारे इस रवैये की समीक्षा कर ही रहे हैं।

# क्या भाजपा लोकप्रियतावाद के रास्ते पर बढ़ रही है?

विधानसभाई चुनाव के मौजूदा चक्र में पांच में से तीन राज्यों—मिजोरम, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश— में वोट डाले जा चुके हैं और चौथे राज्य—राजस्थान—में इसी हफ्ते के आखिर में वोट पड़ जाएंगे। उसके बाद, इस चक्र में से तेलंगाना ही बचेगा, जहां मतदान इस महीने के आखिरी दिन, 30 नवंबर को होना है। लेकिन, तेलंगाना का मामला वैसे भी इस चक्र में कुछ अलग सा है। विधानसभाई चुनावों के इस चक्र में शामिल यह इकलौता दक्षिणी राज्य, ऐसा इकलौता राज्य भी है जहां एक क्षेत्रीय पार्टी— बीआरएस (पहले तेलंगाना राष्ट्र समिति)—सत्ता में है। दूसरी तरफ, मिजोरम की तरह, इस चक्र का यह एक और ऐसा चुनाव मुकाबला है, जहां केंद्र में सत्ताधारी भाजपा, अपनी सारी कोशिशों तथा सारे पैंतरों के बावजूद, चुनावी हाशिए पर ही है। प्राय: सभी चुनावी रिपोर्टें और चुनाव-पूर्व सर्वे इस पर एकमत हैं कि तेलंगाना में वास्तविक चुनावी मुकाबला बीआरएस और कांग्रेस के बीच ही है, जबकि भाजपा काफी पीछे तीसरे स्थान के लिए होड़ कर रही है। इस माने में तेलंगाना के विधानसभाई चुनाव की कहानी के संकेत, मिजोरम की तरह, चुनाव के इस चक्र की मुख्य कहानी से अलग ही रहने जा रहे हैं। इसीलिए, हैरानी की बात नहीं है कि अब तक बाकायदा इसकी चर्चाएं भी शुरू हो गयी हैं कि चुनाव के इस चक्र के मोटे तौर उत्तरी भारत के लिए क्या संकेत हैं और विशेष रूप से आगामी आम चुनाव के लिए, सीधे चुनावी नतीजों के अलावा क्या संकेत नजर आते हैं।

इस सिलसिले में एक स्वत: स्पष्ट रुझान की ओर स्वाभाविक रूप से अनेक टिप्पणीकारों का ध्यान गया है। विशेष रूप से उत्तरी भारत के तीनों राज्यों—छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश तथा राजस्थान—में, इस चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच जिस तरह कल्याणकारी कदमों के वादों की होड़ लगी हुई है, इससे पहले कम से कम हिंदीभाषी इलाके में शायद ही कभी देखने को मिली हो। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में, जहां कांग्रेस सत्ता में है, कांग्रेसी सरकारों में इन कल्याणकारी कदमों के वादों को और बढ़ाने की और भाजपा की ओर से, उनसे बढ़कर वादे करने की होड़ लगी हुई है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश में जहां भाजपा सरकार में रही है, उसकी ओर से बढ़-चढ़कर वादे करने की कोशिश की गई है और उसे चुनौती दे रही कांग्रेस ने भी उसके एक-एक वादे का मुकाबला करने की कोशिश की है। इस कोशिश में दोनों ओर के चुनाव घोषणापत्रों में जैसे सभी संभव तबकों के लिए रियायतों के वादों को समेट लिया गया है।

विभिन्न तबकों के लिए रियायतों के वादों की इस होड़ में, जिसमें एक प्रकार से दोनों पक्ष एक जैसे ही वादे करते नजर आते हैं, एक दिलचस्प मुकाबला और जुड़ गया है। यह मुकाबला है, अपने इन वादों की विश्वसनीयता का भरोसा दिलाने और प्रतिद्वंद्वी के वादों को हवा-हवाई साबित करने के मुकाबले का। जाहिर है कि इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ तथा राजस्थान में कांग्रेस और मध्य प्रदेश में भाजपा, अपनी पिछली सरकार के रिकार्ड के आधार पर, अपने वादों की विश्वसनीयता साबित करने में लगी हुई हैं और दूसरी ओर, जो पार्टियां सत्ता में नहीं हैं, वे संबंधित राज्यों की पिछली सरकारों के रिकार्ड के दावों पर भी सवालिया निशान लगाने में जुटी हुई हैं। इस सब के बीच भाजपा ने, जो कि इन तीनों हिंदीभाषी राज्यों में एक प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी के ही नाम पर चुनाव लड़ रही है और जिसने इस चक्र में अपने इकलौते मुख्यमंत्री, शिवराज चौहान तक की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी पर खुद ही संदेह खड़े कर दिए हैं, फिर पूर्व-मुख्यमंत्रियों—वसुंधरा राजे और रमन सिंह—की तो बात ही क्या करना, एक नया काम यह किया है कि इन सारे वादों को बाकायदा 'मोदी की गारंटियां' का नाम दे दिया है। यह दूसरी बात है कि इस संदर्भ में 'गारंटियां' शब्द के उपयोग को, कांग्रेस अपनी शब्दावली में से बौद्धिक चोरी का मामला बता रही है।



राजेन्द्र शर्मा

> मुद्दा सिर्फ विभिन्न तबकों के लिए रियायतों की इन घोषणाओं के मामले में मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के रूप में कांग्रेस और भाजपा के बीच होड़ होने का ही नहीं है। अव्वल तो यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा इस होड़ में कोई स्वेच्छा से शामिल नहीं हुई है। उसका स्वाभाविक रुख तो, जिसे उसके शीर्ष सिद्धांतकारों ने फिलहाल ताक पर भले रख दिया हो, पर त्यागा अब भी नहीं है।

इस सबसे कुछ टिप्पणीकारों ने यह कहना शुरू कर दिया है कि अब इन चुनावों में मुकाबला, जनता के लिए रियायतों के वादों के बीच हो चला है। इसके साथ उसी सांस में यह भी जोड़ दिया जाता है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे और प्रयास, पीछे पड़ गए लगते हैं! लेकिन, ऐसा कोई निष्कर्ष निकालना सही नहीं होगा। बेशक, इसमें कोई शक नहीं है कि एक बार फिर चुनाव सामने देखकर, प्रधानमंत्री मोदी ने और जाहिर है कि उनसे संकेत ग्रहण कर संघ-भाजपा के समूचे नेतृत्व ने, कथित 'मुफ्त की रेवड़ियों' के प्रति अपनी हिकारत को अचानक सिर्फ त्याग ही नहीं दिया है, जोर-शोर से खुद भी अपनी ओर से इस तरह की रियायतें देने की कसमें खाने में लगे हुए हैं। यह दूसरी बात है कि 'मोदी की गारंटी' की शब्दावली का सहारा लेने के बावजूद, अपने वादों को विश्वसनीय बनाने के लिए उन्हें 'मुफ्त की रेवड़ियों' के प्रति हिकारत के अपने सुप्रीमो के रिकार्ड के चलते, कुछ न कुछ अतिरिक्त मेहनत भी करनी पड़ रही है।

फिर भी मुद्दा सिर्फ विभिन्न तबकों के लिए रियायतों की इन घोषणाओं के मामले में मुख्य प्रतिद्वंद्वियों के रूप में कांग्रेस और भाजपा के बीच होड़ होने का ही नहीं है। अव्वल तो यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा इस होड़ में कोई स्वेच्छा से शामिल नहीं हुई है। उसका स्वाभाविक रुख तो, जिसे उसके शीर्ष सिद्धांतकारों ने फिलहाल ताक पर भले रख दिया हो, पर त्यागा अब भी नहीं है, इस सब को ज्यादा से ज्यादा एक जरूरी भटकाव मानने का ही है। बेशक, इसके बावजूद विपक्ष के ज्यादा से ज्यादा असरदार होते दबाव में, संघ-भाजपा को इसके आरोपों का खंडन करने के लिए कि उसके पास 'हिंदू-मुस्लिम करने' के सिवा, जनता को देने के लिए कुछ है ही नहीं, जनता को देने के लिए अपनी ओर से पेशकशें करनी जरूर पड़ रही हैं, लेकिन उसकी यह मुद्रा चुनावी-कार्यनीतिक मुद्रा ही है। इससे भी महत्वपूर्ण यह कि इस तरह की चुनावी कार्यनीतिक मुद्रा के अपनाए जाने में, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के पैंतरों को पीछे रखे जाना खोजना सही नहीं होगा। यह ज्यादा से ज्यादा इतना दिखाता है कि संघ-भाजपा खांटी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नारे पर चुनाव नहीं लड़ने जा रहे हैं बल्कि जनहितकारी वादों का भी सहारा लेने जा रहे हैं। लेकिन, खांटी सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के नारे पर चुनाव लड़ने की कल्पना तो वास्तविकता न होकर, बहस में या आलोचना में पेश किया जाने वाला एक कैरीकेचर भर ही हो सकती है। जनतांत्रिक चुनाव में लोगों को उनके हितों का ख्याल रखने का भरोसा तो किसी भी राजनीतिक पार्टी को दिलाना ही होता है।

तो क्या हम जो देख रहे हैं, उसे सांप्रदायिक और लोकप्रिय, इन दो अलग-अलग तत्वों के मिश्रण के रूप में देखा जाना सही होगा? पहली नजर में जरूर यह इस प्रकार के मिश्रण का मामला लग सकता है और इस मिश्रण में कोई लोकप्रिय तत्व की अधिकता या प्रमुखता भी खोज सकता है। लेकिन, संघ-भाजपा के मामले में इन दो प्रकार के तत्वों की उपस्थिति को इस तरह से देखना भ्रामक होगा। असल में इस मामले में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का आवेग, एक बुनियादी खाके का काम करता है और इस बुनियादी खाके में ही लोकप्रिय तत्व समेत दूसरे सभी तत्व संयोजित हो जाते हैं। इसके लिए संघ-भाजपा अपने लिए, चुनाव प्रचार के दौरान ही नहीं बल्कि उससे आगे-पीछे, एक प्रकार से समग्रता में अपनी गतिविधियों के जरिए, एक धार्मिक-राजनीतिक यानी बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक पहचान बनाती है। और यही पहचान, उनके लोकप्रियतावाद को भी परिभाषित करती है। जैसे वे आदिवासियों के हित की दुहाई तो देंगे, लेकिन उसके साथ ही उसमें ईसाई-आदिवासीविरोधी तत्व जोड़ देंगे। वे रोजगार की बात तो करेंगे, लेकिन फौरन उसके साथ अनारक्षण का आग्रह या अन्य पिछड़े वर्ग के आरक्षण पिछड़े गैर-हिंदुओं को बाहर करने का आग्रह ले आएंगे। जनतंत्र की दुहाई देंगे और अल्पसंख्यकों के अधिकारों का छीनने के जतन कर रहे होंगे।

इस सिलसिले में विधानसभाई चुनाव के इस चक्र में ही तथाकथित 'तुष्टीकरण' विरोध को, भाजपा के बहुसंख्यकवादी सांप्रदायिक संदेश का मुख्य वाहक बना दिया गया है, उसे याद रखना जरूरी है। इस बार के अपने स्वतंत्रता दिवस भाषण से शुरू कर के मोदी ने, बार-बार प्रयोग कर 'तुष्टीकरण' विरोध को, अपने अल्पंख्यक और विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकविरोधी मंतव्यों का संकेतक बना दिया है। सबसे बढ़कर राजस्थान में कन्हैयालाल टेलर की हत्या के प्रसंग के बहाने से, जाहिर है कि बिना किसी ठोस आधार के प्रधानमंत्री मोदी से लेकर नीचे तक, संघ-भाजपा की सेनाएं जिस तरह 'तुष्टीकरण' का शोर मचाती मिल जाएंगी, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की ही पुकार है। यह उनके लिए अयोध्या में राम मंदिर की दुहाई से भी ज्यादा असरदार पुकार है।

हैरानी की बात नहीं होगी कि विधानसभाई चुनावों के मौजूदा चक्र के नतीजों के बाद, संघ-भाजपा को विभिन्न तबकों के लिए रियायतों के वादों के रूप में और भी ज्यादा लोकप्रियतावाद की मिलावट करनी पड़े। लेकिन, यह मिलावट सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खाके में अन्य तत्वों के संयोजन के रूप में की जा रही होगी। और राम मंदिर की दुहाई से भी बढ़कर, 'तुष्टीकरण' विरोध का शोर, इस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण औजार बनाया जाएगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# युद्धविराम ही रोक सकता है इस मानवीय त्रासदी को

■ **नित्य चक्रवर्ती**

इजरायल-हमास युद्ध सोमवार को 45वें दिन में प्रवेश कर गया। लड़ाई अब एकतरफा हो गयी है। इजरायली रक्षा बल हमास आतंकवादियों द्वारा 7 अक्तूबर को इजरायलियों पर 'आतंकी' हमले के जवाब में आतंकियों को खत्म करने के नाम पर नागरिक क्षेत्रों और अस्पतालों सहित गाजा पट्टी पर बमबारी कर रहे हैं। 18 नवंबर तक, फिलिस्तीनियों की मौत का आंकड़ा 13,000 से अधिक था और30,000से अधिक घायल हुए थे।

संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के स्पष्ट समर्थन से समर्थित इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खुले तौर पर घोषणा की है कि हमासबलों के पूर्ण उन्मूलन तक इजरायली हमलों पर कोई रोक नहीं लगेगी। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों के अनुसार, इस प्रक्रिया में, नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की हत्याएं हुई हैं, जो मरने वालों की संख्या का 70प्रतिशत है। गाजा पट्टी के 28 अस्पतालों में से 18 को दवाओं की अभूतपूर्व कमी और बिजली और पानी की कटौती के कारण बंद कर दिया गया है, जबकि दस अस्पताल ऑक्सीजनसिलेंडर सहित न्यूनतम आवश्यकता के बिना ही छोटे पैमाने पर काम कर रहे हैं।

> दक्षिण अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ़्रीका में इज़रायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक ख़त्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्धविराम पर सहमत न हो जाये।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक शुक्रवार को टीवी पर उस समय लगभग रो पड़े जब उन्होंने कहा कि जब तक युद्धविराम लागू नहीं होता और सामान्य चिकित्सा आपूर्ति गाजा के कब्जे वाले निवासियों तक नहीं पहुंचती, हजारों लोग इलाज के बिना मर जायेंगे।, के कारण अत्याधुनिक रॉकेट सहित हमास के बहुत हथियार नष्ट हो गये, लेकिन मारे गये हमास सैनिकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि नहीं हुई। एक सैन्य अनुमान में छह सौ से कम हमास सैनिकों के मारे जाने की बात कही गयी है।

प्रधान मंत्री नेतन्याहू के लिए, 7 अक्टूबर के हमले ने उन्हें फिलिस्तीन को इज़राइल के जागीरदार राज्य में बदलने का अवसर दिया। सुदूर दक्षिणपंथी नेता ने एक संगीत हॉल में एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले लोगों सहित नागरिकों की भयानक हत्या के बाद अपने लोगों की भावनाओं का पूरा फायदा उठाया और हमास आतंकवादियों के पूर्ण पैमाने पर विनाश कार्यक्रम को लागू करने का विकल्प चुना। सुरक्षा परिषद को छोड़कर संयुक्त राष्ट्र निकायों ने युद्धविराम के लिए प्रस्ताव पारित किये हैं। डब्ल्यूएचओ और अन्य निकाय केवल नागरिकों के संहार को समाप्त करने के लिए रो रहे हैं, लेकिन किसे परवाह है। संयुक्त राष्ट्र हमेशा की तरह दंतहीन है। चूंकि अमेरिका समर्थन कर रहा है इसलिए इजराइल संयुक्त राष्ट्र के उपदेशों की बहुत कम परवाह कर रहा है।

जहां तक चीन और रूस का संबंध है, दोनों के अपने-अपने भू-राजनीतिक खेल हैं जहां फिलिस्तीनी त्रासदी को संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ उनके संबंधित द्विपक्षीय संबंधों की तुलना में पिछवाड़े जैसा व्यवहार मिलता है। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने 15 नवंबर को सैनफ्रांसिस्को में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ चार घंटे की बैठक की। चीनी नेता इस बात पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे कि यह ग्रह दो महाशक्तियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त बड़ा है। शी ने इजराइल-हमास युद्ध के बारे में सामान्य शब्दों में बात की। ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं थी कि चीनी राष्ट्रपति ने नेतन्याहू को तत्काल युद्धविराम घोषित करने के लिए मनाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति पर बहुत दबाव डाला हो।

गौरतलब है कि 7 अक्टूबर को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का 71वां जन्मदिन था। दिन भर वह अपने उत्सवों में व्यस्त रहे। उन्होंने तीन दिन बाद प्रतिक्रिया दी लेकिन यह इजराइल के बजाय संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ अधिक था। राष्ट्रपति पुतिन पश्चिम एशियाई क्षेत्र में अमेरिका की विफलता और रूस द्वारा इस अंतर को भरने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। रूस हाल के वर्षों में इज़राइल के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने की प्रक्रिया में है। वह इज़राइल के साथ अपने संबंधों में अचानक किसी भी गिरावट का स्वागत नहीं करता है। रूस से हमास को सीधे तौर पर कोई सहायता देने की उम्मीद नहीं है। जरूरत पड़ने पर पुतिन कुछ मदद के लिए ईरान का इस्तेमाल कर सकते हैं।

कुल मिलाकर, फ़िलिस्तीनियों को दो बड़ी शक्तियों सहित हमास और उनके मित्र राष्ट्रों द्वारा अधर में छोड़ दिया गया है। गाजा की आबादी 23 लाख है। इसमें से 12 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हो चुके हैं। यदि इजरायलीबलों को गाजा पट्टी में काम करने की खुली छूट दी गयी तो शेष आबादी को इजरायली हमलों का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। अब तक, फिलिस्तीन के लोगों ने हमास आतंकवादियों की घोर गलती की भारी कीमत चुकायी है। हत्याओं के मामले में इजरायलियों की ओर से जवाबी कार्रवाई कहीं अधिक रही है।

वैश्विक दक्षिण के केवल कुछ देशों ने ही इजरायल सरकार के खिलाफ कुछ कार्रवाई करने की हिम्मत दिखायी है। राष्ट्रपति सिरिलरामफोसा ने गुरुवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका ने गाजा में इजरायल द्वारा किये गये कथित युद्ध अपराधों की जांच के लिए प्रस्ताव अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) में भेजा है। महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक महत्व का यह बयान तब आया जब गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर अवैध इजरायली हमला हुआ था। इज़रायल ने कहा कि कमांड सेंटर अस्पताल परिसर में स्थित था लेकिन अभी तक आईडीएफ को ऐसी कोई जगह नहीं मिली है। यह एक तरह से उस परिदृश्य की पुनरावृत्ति थी जो 2003 में बगदाद पर अमेरिकी बमबारी के साथ हुआ था, इस दलील पर कि परमाणु बम सामग्री एक विशिष्ट स्थान पर छिपी हुई थी। आखरि़कार, अमेरिकी सैनिकों को ऐसी कोई चीज़ नहीं मिली लेकिन जनसंहारतो पहले ही हो चुका था।

दक्षिण अफ्रीकी सांसदों ने आर्थिक स्वतंत्रता सेनानियों के विपक्षी दल द्वारा पेश किए गये एक प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की और सत्तारूढ़ अफ़्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा दक्षिण अफ़्रीका में इज़रायली दूतावास को बंद करने और देश के साथ सभी राजनयिक संबंधों को तब तक ख़त्म करने की मांग की, जब तक कि वह गाजा में युद्ध विराम पर सहमत न हो जाये।

ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला ने भी इजरायल को कड़ी चेतावनी दी और तत्काल युद्धविराम का जोरदार आह्वान किया। मेक्सिको, होंडुरास, कोलंबिया, बोलीविया, ग्वाटेमाला और चिली सहित अन्य वामपंथी लैटिन अमेरिकी शासनों ने संयुक्त राष्ट्र में अपने संबंधित राजदूतों को तत्काल युद्धविराम के लिए काम करने का निर्देश दिया है। वैश्विक दक्षिण के कुछ देशों के इस कड़े कदम के विपरीत, भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ग्लोबल साउथ बैठक में अपने आखिरी बयान में भी नागरिक की हत्या को रोकने की बात की, लेकिन यह उल्लेख नहीं किया कि नागरिक हत्याओं के लिए मुख्य रूप से इज़रायल जिम्मेदार था, जिसमें मरीजों से भरे अस्पतालों पर बमबारी भी शामिल है। प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अमेरिका के पूर्ण सहयोगी के रूप में काम कर रहे हैं।

फिलहाल, युद्धविराम में हर दिन की देरी का मतलब है कुछ और सैकड़ों फिलिस्तीनियों की मौत। नेतन्याहू राष्ट्रपति बाइडेन के अलावा किसी की भी नहीं सुनेंगे। अगर अगले कुछ दिनों में युद्धविराम नहीं हुआ तो यह पूरी तरह से मानवीय आपदा होगी।

## पावन प्रसंग

# मनो अवसाद व चिंता का उपचार आध्यात्मिकता

पिछले दशक से लेकर अब तक यदि देखा जाए तो भारत सहित पूरी दुनिया में इंटरनेट के उपयोग में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। शिक्षा संचार-व्यवसाय, प्रबंधन, शोध अनुसंधान के क्षेत्र व ज्ञान विज्ञान की सुलभ जानकारी की दृष्टि से इंटरनेट का महत्व भी अत्यधिक हो गया है, परंतु इसके दुरुपयोग ने अनेक तरह के समस्याओं को भी उत्पन्न कर दिया है। व्यक्ति किसी आवश्यकता की दृष्टि से इंटरनेट आदत व्यसन का रूप लेकर समस्या कब बन जाती है, यह समझ पाना मुश्किल है। इंटरनेट का व्यसन बच्चों से लेकर हर आयु वर्ग के लोगों में सहज देखा जा सकता है।

यह हमारे आधुनिक समाज की एक विकट समस्या बन चुकी है। मनोवैज्ञानिकों ने इस समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए तथ्यात्मक रूप से यह समझाने का प्रयास किया है कि इंटरनेट पर अधिक समय बिताना अनेक प्रकार की मनोशारीरिक समस्याओं को जन्म दे रहा है। सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग भी व्यक्ति के मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है।

इंटरनेट के बेतहाशा उपयोग और इससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर विश्व भर में अनेक शोधकार्य किए जा रहे हैं विशेषज्ञों की मान्यता है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया मनुष्य को उसके जीवन की वास्तविक स्थिति से भटका देती है, जिसके फलस्वरूप उसके निजी और सामाजिक जीवन में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। तनाव, चिंता, असुरक्षा, अवसाद, निराशा, आत्मसम्मान की कमी और कुसमायोजन जैसे मनोवैज्ञानिक समस्याओं का एक बड़ा कारण इंटरनेट का ज्यादा प्रयोग करना है। यह समस्या और ज्यादा गंभीर तब हो जाती है, जब बच्चे और युवाओं को बुरी तरह इसकी गिरफ्त में देखते हैं। विडंबना यह है कि किसी भी स्तर पर ऐसा कोई तंत्र अभी नहीं है, जो इंटरनेट का उपयोग कब, कैसे कितना करना है, इस बात का प्रशिक्षण देता हो। साथ ही इंटरनेटजनित अर्थात साइबर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान की कोई समुचित उपचार विधि भी मौजूद नहीं है। ऐसे में आवश्यकता है कि इंटरनेट की आभासी दुनिया का व्यसन न विकसित हो, इसके प्रति सजगता और जो समस्या उत्पन्न हो चुकी है, उसकी जीवनशैली में आवश्यक सुधार कर समाधान प्राप्त करना। सजगता और समाधान के इन दोनों पहलुओं को समाहित करते हुए एक विशिष्ट शोधकार्य योग विज्ञान विभाग के अंतर्गत संपन्न किया गया है।

इसके लिए सर्वसुलभ विधि है- योग, साधना आदि की दृष्टि से तो इसका महत्व है ही, साथ ही सामान्य जीवन में भी प्रत्येक दिन को अधिक सार्थकता, सजगता और कर्तव्यनिष्ठ होकर जीने तथा तनावमुक्त बने रहने में भी आत्मबोध, तत्वबोध साधना का नियमित अभ्यास अत्यन्त सहायक होता है। अपने एक दिन के जीवन का श्रेष्ठतम व सार्थक उपयोग ही इस साधना का मर्म है। आत्मबोध, तत्वबोध का साधक भविष्य की चिंता से मुक्त हो जाता है, क्योंकि वह अपने दैनिक कार्यों-कर्तव्यों को सम्यक व कुशलतापूर्वक करने में विश्वास करता है साथ ही स्वयं व परिस्थितियों के प्रति सजग बना रहता है। उसमें सहज आत्मविश्वास और सकारात्मक जैसे गुण विकसित हो उठते हैं। फलस्वरूप वह जीवन के अंत:बाह्य पक्षों में आसानी से समायोजन कर पाता है।

दूसरा उपाय है-प्रार्थना। प्रार्थना चिंतामुक्त जीवन जीने में सहायक एक प्रभावी एवं सर्वसुलभ साधना है। प्रार्थना में व्यक्ति अपने मनोभावों को पूर्ण समर्पण के साथ परमात्मा के समक्ष बड़ी ही सहजता से प्रकट कर देता है। प्रार्थना की तकनीक में आंतरिक भावनाओं की प्रबलता होती है। भावनात्मक परिष्कार से चिंतन भी शुद्ध और सकारात्मक बनता है, जिसका सीधा प्रभाव व्यक्ति के कर्म, व्यवहार और आचरण पर पड़ता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# पलायन के दर्द से गुज़रता गांव

देश का दूर दराज़ ग्रामीण क्षेत्र आज भी बिजली, पानी, सड़क, अस्पताल और शिक्षा जैसी कई बुनियादी ज़रूरतों से जूझ रहा है। इसमें रोज़गार प्रमुख है जो ग्रामीणों को पलायन के लिए मजबूर करती है। परिवार के लिए दो वक्त की रोटी की व्यवस्था करने के लिए लोग अपने गांव से निकल कर दूसरे शहरों और राज्यों का रुख करते हैं। जहां वह खेतों, फैक्ट्रियों और दिहाड़ी मज़दूर के रूप में 16 से 17 घंटे कड़ी मेहनत करते हैं। जिसके बाद भी वह मुश्किल से 15 से 20 हज़ार रुपए महीना कमा पाते हैं। पलायन का आंकड़ा सबसे अधिक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड में देखने को मिलता है, जहां प्रति वर्ष लाखों लोग रोज़गार की खातिर दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, सूरत, मुंबई और कोलकाता का रुख करते हैं। गांव में रोज़गार का कोई साधन उपलब्ध नहीं होने की वजह से लोग पलायन करने को मजबूर हो जाते हैं और पीछे छोड़ जाते हैं परिवार वालों से बिछड़ने का दर्द।

बिहार के कई ऐसे गांव हैं जहां प्रति वर्ष ग्रामीणों की एक बड़ी आबादी रोज़गार के लिए पलायन करती है। इनमें अधिकतर संख्या अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी और पसमांदा तबके की है। जो आर्थिक रूप से काफी कमज़ोर होते हैं। इन्हीं में एक उचला गांव भी है। बुद्ध की धरती बोध गया से करीब 54 किमी दूर बांकेबाज़ार ब्लॉक के रौशनगंज पंचायत स्थित इस गांव के अधिकतर परिवार का कोई एक सदस्य रोज़गार के बेहतर ख्वाब के साथ महानगरों की ओर पलायन करता है। करीब 350 परिवारों वाले इस गांव में उच्च वर्ग और अनुसूचित जाति की मिश्रित आबादी निवास करती है। उच्च वर्ग जहां खेती के लिए पर्याप्त ज़मीन और रोज़गार के स्थानीय साधन के साथ आर्थिक रूप से संपन्न है तो वहीं अनुसूचित जाति के अधिकतर परिवारों के पास कृषि योग्य उतनी ज़मीन नहीं है कि उनके परिवार की आजीविका चल सके। जिसकी वजह से इस समुदाय के ज़्यादातर पुरुष गांव से निकल कर महानगरों का रुख करते हैं और कामगार या दैनिक मज़दूर के रूप में काम करते हैं।

हाल ही में पंजाब से मज़दूरी करके गांव लौटे 47 वर्षीय संजय कुमार बताते हैं कि गांव में अनुसूचित जाति के लगभग 60 प्रतिशत पुरुष बाहर जाकर कमाते हैं। यह सभी कृषि या कारखानों में मज़दूर के रूप में काम करते हैं। जहां आमदनी कम और काम के घंटे ज़्यादा होते हैं। छोटे उद्योगों में फैक्ट्री मालिकों द्वारा उनका आर्थिक शोषण भी किया जाता है। लेकिन काम का दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण वह इसे सहने को मजबूर होते हैं। संजय बताते हैं कि कई बार उन्हें तीन महीने तक वेतन नहीं मिलता है, ऐसे में न केवल घर वालों बल्कि स्वयं उनकी आर्थिक स्थिति भी डगमगा जाती है। वह कहते हैं कि अगर गांव में रहकर रोज़गार मिल जाए तो पलायन की समस्या खुद ही ख़त्म हो जायेगी।

इस संबंध में गांव के वार्ड न. 8 की पंच शकुंतला देवी कहती हैं कि जाति भेदभाव के कारण गांव के गरीब लोगों को घर पर ही रहकर काम नहीं मिल पाता है और वह पलायन को मजबूर होते हैं। वह आरोप लगाती हैं कि अक्सर संबंधित अधिकारी अथवा जनप्रतिनिधि अपनी ही जाति के लोगों या करीबियों को बेरोज़गारी भत्ता या रोज़गार का लाभ दिलवा देते हैं। जिससे ज़रूरतमंद वंचित रह जाते हैं और उन्हें मजबूरन पलायन करनी पड़ती है। बहरहाल, पलायन रोकने के लिए बिहार सरकार उद्यमी योजना सहित अन्य कई योजनाएं चला रही हैं। इसका प्रभाव भी दिखने लगा है और पिछले कुछ वर्षों में पलायन की संख्या घटी भी है। लेकिन सवाल यह उठता है कि उचला गांव के इन अनुसूचित जाति परिवारों तक इसका लाभ क्यों नहीं पहुंच रहा है? केवल योजनाओं के बनाने से समस्या का हल मुमकिन नहीं है। ज़रूरत है ऐसे तंत्र विकसित करने की जिससे योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मिल सके।

**यशोदा कुमारी, बिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### धान उपार्जन के लिए जिला स्तरीय समिति गठित

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु जारी नीति के अंतर्गत उपार्जन के दौरान आने वाली कठिनाईयों के निराकरण हेतु कलेक्टर श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है। इस समिति में जिला लीड बैंक अधिकारी, उप संचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता रायसेन, जिला सूचना अधिकारी एनआईसी रायसेन, महाप्रबंधक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायसेन, जिला विपणन अधिकारी मार्कफेड रायसेन, जिला प्रबंध मप्र वेयर हाउसिंग एण्ड लॉजिस्टिक कार्पोरेशन रायसेन, जिला प्रबंधक मप्र स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायसेन, अधीक्षक भू-अभिलेख रायसेन तथा सचिव कृषि उपज मण्डी जिला मुख्यालय रायसेन को सदस्य बनाया गया है। इनके अतिरिक्त समिति में जिला आपूर्ति अधिकारी को सदस्य सचिव बनाया गया है। यह जिला स्तरीय उपार्जन समिति खरीफ उपार्जन वर्ष 2023-24 में जिला स्तर पर खरीफ उपार्जन संबंधी समस्त विवादों का अंतिम निराकरण करेगी तथा उपार्जित स्कंध की गुणवत्ता की निगरानी भी करेगी।

### घर में घुसे अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के चंदला कस्बे के वार्ड दो के लवकुशनगर मार्ग पर रहने वाले नाथूराम तिवारी के घर में दोपहर के समय अजगर दिखाई दिया। जिससे आसपास रहने वालों में अफरा तफरी मच गई। जिस घर में सर्प नजर आया उस घर में बाहर से ताला लगाकर परिवार बाहर गया हुआ था। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मकान मालिक नाथूराम और वनकर्मियों को दे दी। जानकारी मिलने के बाद चंदला वन विभाग में पदस्थ वनकर्मी अजय गुप्ता अपनी टीम को लेकर मौके पर जा पहुंचे। मकान मालिक के कहने पर लोग ताला तोड़कर वन विभाग की टीम सहित अंदर पहुंचे। काफी देर तक अजगर को पकडने का प्रयास किया गया। बड़ी मुश्किल से उसे पकड़ने में कामयाबी मिली। इसके बाद टीम ने अजगर को जंगल में ले जाकर छोड दिया है।

### हाथ में पटाखा फटने से बालक घायल, भर्ती

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पठापुर रोड पर रहने वाला 11 वर्षीय बालक हाथ में पटाखा फट जाने सं बुरी तरह से घायल हो गया है। जानकारी लगते ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और बच्चे को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जिसे ट्रोमा वार्ड में भर्ती कर डॉक्टर उसका इलाज कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार शहर में पठापुर रोड का 11 वर्षीय अंश पिता पुष्पेंद्र यादव अपने खेत से भैंस चराकर घर लौट रहा था। इस दौरान उसके घर के पास स्थित तलैया के पास देसी गोला पटाखा पड़ा मिल गया। जिसे चलाने के दौरान पटाखा अचानक उसके हाथ में फट जाने से उसके दाएं हाथ की एक उंगली पूरी तरह से कटकर अलग हो गई। लहूलुहान हालत में उसे तुरंत अस्पताल लाया गया। वहां उसका इलाज किया जा रहा है।

मुहूर्त की नीलामी विधायक और नपाध्यक्ष की मौजूदगी में शुरू हुई

# अवकाश के 12 दिन बाद खुली कृषि मंडी, ट्रैक्टरों की लगी कतार



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** अवकाश के बाद 12दिन बाद सोमवार को मुहूर्त पर जैसे ही कृषि मंडी खुली किसानों के ट्रैक्टर ट्रॉली की कतारें परिसर में लग गई। मुहूर्त की नीलामी पर विधायक लीना जैन, नपा अध्यक्ष शशि यादव की मौजूदगी में सरसों की बोली प्रारंभ की गई जिसे राधिका ट्रेडर्स ने 5351 रुपए प्रति क्विंटल के भाव खरीदा। इसके बाद सभी व्यापारियों ने चना मसूर सोयाबीन गेहूं आदि खरीदकर मुहूर्त किया। किसानों को मुहूर्त की खरीदी पर बाजार भाव से 100 से रुपए तक लाभ मिला। जब किसान उपज लेकर व्यापारी के फड़ पर पहुंचे वहां उनका तिलक लगाकर स्वागत किया और मुंह मीठा कराया। अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय अरोरा ने बताया कि मंडी प्रांगण में दलहन की नीलामी सुबह 10 बजे से धान की नीलामी होगी। मुहूर्त की मंडी में व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय अरोरा जयेश शाह दीपक जैन आशु अग्रवाल कपिल रघुवंशी मंडी प्रशासन से शंभू सिंह रघुवंशी अरविंद कुलश्रेष्ठ उपस्थित थे।

# कृषि उपज मंडी में अनाज व्यापारी के गोदाम से चोरी



**भेरून्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी समिति चोरी का सिलसिला नहीं थम रहा। लगातार हो रही चोरी की वारदात से पुलिस के कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहा है। सोमवार रविवार दरमियानी रात मंडी में बने गोदाम में रखा सोयाबीन ऊपर से चादर उखाड़ कर लगभग 50 हजार का सोयाबीन चोर ले उड़े। आरती ट्रेडर्स संचालक रोहित पवार बंटी ने बताया कि इससे पूर्व में भी चोरी हो गई है। यह दूसरी घटना हुई है, लेकिन अभी तक पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है। रोहित पवार बंटी ने जानकारी देते हुए बताया कि मंडी प्रशासन द्वारा लापरवाही की जाती है। जो लाइट लगाई गई वह भी बंद पड़ी है और जो कैमरे लगाए गये है उसमें से भी कुछ कैमरे चोर चुरा ले गए। मंडी अधिकारी द्वारा ना तो साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान दिया जाता है और न ही विद्युत व्यवस्था पर। मंडी अधिकारी भी लापरवाह बने हुए हैं। वही मंडी प्रागंण में जो पानी की टंकी बनी है वह भी क्षतिग्रस्त है बंद पड़ी है। बीचों-बीच में वहां पर कचरे का ढेर लगा हुआ है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कई दिनों से सफाई नहीं हुई है एवं शराब की बोतल और डिस्पोजल पड़े हुए हैं। जबकि मंडी समिति व्यापारियों से बराबर टैक्स लेती है, लेकिन व्यवस्था के नाम पर कुछ भी नहीं है।

### इनका कहना है

व्यापारी से चोरी की जानकारी मिली है। पुलिस में मामला दर्ज कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**उमेद सिंह धुर्वे, प्रभारी मंडी सचिव, भेरूंदा**

### जवाहर मार्ग पर नालियां चोक होने से बढ़ी परेशानी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में आकाशवाणी तिराहे से बस स्टेंड की ओर जाने वाले जवाहर मार्ग पर नालियां चोक होने से लोग गंदगी और बदबू से परेशान हैं। जवाहर मार्ग से पठापुर जाने वाले मार्ग पर नालियों का गंदा पानी बह रहा है। इसी तरह एक्सिस बैक के पीछे खाली पडे प्लाट पर गंदगी की भरमार हो गई है और यहां भी नालियां गंदगी के कारण चोक हो गई हैं। गंदगी के कारण उठने वाली दुर्गंध से लोगों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय वाशिंदों ने नगर पालिका प्रशासन से सफाई कराने की मांग की है।

# विधानसभा चुनाव मतगणना की सूचनाओं के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत जिले में मतगणना कार्य से संबंधित सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं निरंतरता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे के आदेशानुसार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय रायसेन में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 07482-299310 है। कंट्रोल रूम के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है तथा तीन पालियों में अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।

कंट्रोल रूम कक्ष का प्रभारी अधिकारी तथा नोडल अधिकारी जिला संस्थागत वित्त अधिकारी श्री खिलान सिंह यादव को बनाया गया है। साथ ही श्री मुकेश लारिया बहुउद्देशीय कार्यकर्ता जिला आयुष अधिकारी कार्यालय को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इनके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी श्री दिनेश मालवीय को प्रभारी समय प्रातः 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक, महिला एवं बाल विकास विभाग के संरक्षण अधिकारी श्री राजा वर्मा को प्रभारी समय दोपहर 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं महिला बाल विकास विभाग के सामाजिक कार्यकर्ता अधिकारी श्री मनोज कुमार साहू को प्रभारी समय रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे तक का दायित्व सौंपा गया है। इनके अतिरिक्त तीनों पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। यह कंट्रोल रूम विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना कार्य सम्पन्न होने तक संचालित होगा।

# उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ ही 3 दिवसीय छठ महापर्व का समापन

- भोजपुरी समाज की महिलाओं ने बेतवा घाट पर की पूजा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर में निवास करने वाले भोजपुरी समाज के लोगों द्वारा छठ पूजा का पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। रविवार शाम को डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया गया। सोमवार सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पर्व का समापन हुआ। भोजपुरी समाज के दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि इस पर्व की शुरुआत नहाय खाय की परंपरा से होती है उसके बाद खरना संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य दिया जाता है। इससे ही छठ के पर्व का समापन होता है। छठ के महापर्व का सोमवार समापन हो गया। तीन दिन के इस त्योहार के आखिरी दिन भोजपुरी समाज की महिलाओं ने बेतवा रिपटा घाट पर गन्ने का मंडप सजाया। पूजन अर्चन करने के बाद उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया गया। पडिंत अरविंद अवस्थी ने बताया कि छठ पूजा में सूर्य भगवान और माता छठी की पूजा की जाती है। छठ पर्व में महिलाएं 36 घंटे का व्रत रखती हैं। इस पर्व को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ का पर्व साल में दो बार आता है। छठ की शुरुआत 17नवंबर को नहाय खाय के साथ हुई थी। समापन 20 नवंबर को उगते सूरज को अर्थ देने के साथ हो गई। छठ का ये पर्व संतान की सुख समृद्धि अच्छे सौभाग्य और सुखी जीवन के लिए रखा जाता है। साथ ही यह व्रत पति की लंबी उम्र की कामना के लिए भी रखा जाता है। पडिंत मुन्नालाल शास्त्री ने बताया कि ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सूर्य ग्रह को पिता पूर्वज सम्मान का कारक माना जाता है। साथ ही छठी माता की अराधना से संतान और सुखी जीवन की प्राप्ति होती है।

### गोपाष्टमी पर सुंदरकांड का आयोजन

**मुरैना, देशबन्धु।** कृषि उपज मंडी मुरैना स्थित रामजी निराश्रित गौशाला मैं गोपाष्टमी के अवसर पर अवसर सोमवार को सुबह से संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन गो भक्तों द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए और सुंदरकांड में भाग लेकर जमकर कीर्तन किया। इस अवसर पर गो भक्तों द्वारा गाय माता को गुड़ खिलाकर उसकी पूजा अर्चना की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया।

### विधानसभा निर्वाचन की मतगणना 3 दिसम्बर को पॉलीटेक्निक कॉलेज में होगी

**मुरैना, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिये मतदान समाप्ति के बाद सबलगढ, जौरा, सुमावली, मुरैना, दिमनी और अम्बाह विधानसभा की सभी 1706 ईव्हीएम पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में थ्री लेयर में जमा की जा चुकी है। मतगणना 3 दिसम्बर को प्रातः प्रारंभ होगी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के लिये रूम नम्बर 118, दिमनी के लिये 119, मुरैना के लिये 120, सुमावली के लिये 108, जौरा के लिये 123 और सबलगढ विधानसभा क्षेत्र के लिये रूम नंबर 124 मतगणना कक्ष चिन्हित किये है। ईव्हीएम पूर्ण सुरक्षा के साथ पॉलीटेक्निक कॉलेज में रखीं गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना ने बताया कि पॉलीटेक्निक में गणना के लिये निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आवश्यक व्यवस्थायें की जा रही है। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों को मतगणना के दिन पालन किया जायेगा। सुरक्षा के लिये गणना के दिन गणना कर्मियों के लिये प्रवेश द्वार अलग से रहेगा, जबकि गणना एजेन्टों के लिये प्रवेश द्वार अलग से निर्धारित किया जायेगा।

### बदलते मौसम में जन-जागरूकता एवं मलेरिया से बचाव की जानकारी दी

**मुरैना, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में समुदाय स्तर पर जन-जागरूकता के तहत डेंगू के प्रति आम लोगों को सचेत किया जा रहा है। मौसम परिवर्तन तथा बार-बार मौसम में बदलाव को देखने को मिल रहा है। ऐसे में ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है, क्योंकि ऐसे मौसम में लार्वा पनपने की संभावना होती है। लोगों को मच्छर से बचाव रखने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि मलेरिया विभाग के सहयोग रहवासियों को जनजागरुकता के माध्यम से एवं पोस्टर बैनर के माध्यम से डेंगू और मलेरिया के प्रति जागरूक किया गया है, इसके साथ ही घर-घर भ्रमण एवं सामुदायिक बैठक के माध्यम से लोगों को डेंगू एवं मलेरिया के प्रति जागृत किया जा रहा है, ताकि समुदाय के लोग अपने-अपने घरों की स्वयं निगरानी करें, एक हफ्ते से ज्यादा पानी जमा न होने दें। स्वास्थ्य विभाग ने आम लोगों से कहा कि पानी की टंकी एवं फ्रिज की ट्रे को समय-समय पर जांच करते रहें, हर हफ्ते में एक बार पानी अवश्य बदले और घर में किसी को बुखार आने की स्थिति में पर में तुरंत ही चिकित्सालय जाकर खून की जांच कराएं।

### बाजरा उपार्जन के संबंध में बैठक आज

**मुरैना, देशबन्धु।** बाजरा उपार्जन के संबंध में बैठक आज 21 नवम्बर को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मुरैना में आयोजित की गई है। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, महाप्रबंधक केंद्रीय सहकारी बैंक, प्रबंधक नान, जिला विपणन अधिकारी, प्रबंधक वेयर हाउसिंग उपस्थित रहेंगे। इसके साथ समस्त अनुविभागीय अधिकारी लिंक के माध्यम से उपस्थित रहेंगे।

# गंज हनुमान मंदिर में मना अन्नकूट महोत्सव



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बेतवा सरोज मार्ग स्थित गंज हनुमान मंदिर में सोमवार को छप्पन भोग पर शादी के साथ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर पर त्यागी महाराज की उपस्थिति में पूजन अर्चन कर आरती की गई। इसके पश्चात राम दरबार के समक्ष 56 भोग लगाया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के मिष्ठान बनाए गए थे। इसके बाद मंदिर में आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की। मालूम हो कि गंज हनुमान मंदिर में विगत 20 वर्षों से लगातार गोपाष्टमी के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शहर सहित आसपास की ग्रामीण अंचलों से आए श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करते हैं। पंडित केशव गुरु ने बताया कि द्वापर में अन्नकूट के दिन इंद्र की पूजा करके उनको छप्पन भोग अर्पित किए जाते थे लेकिन ब्रजवासियों ने श्रीकृष्ण के कहने पर उस प्रथा को बंद करके इस दिन गोवर्धन पर्वत की पूजा करने लगे और गोवर्धन रूप में भगवान श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाया जाता है। दीपावली के दूसरे दिन से इस परंपरा का शुभारंभ होता है। शहर में विभिन्न मंदिरों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हर वर्ष किया जाता है।

### घर से लापता बच्चे बागेश्वर धाम में सोते मिले

**छतरपुर, देशबन्धु।** थाना ओरछा रोड के अंतर्गत ग्राम सौरा फोर लाइन पर निवास करने वाले एक परिवार के लापता हुए 2 नाबालिग बच्चों को पुलिस ने 6 घंटे के अंदर खोजकर उनके परिजन के हवाले कर दिया है।जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सौरा फोर लाइन पर निवास करने वाले एक दांपत्य परिवार गोपी राजपूत उर्फ संजू अपनी पत्नी और दो बच्चों आयुष राजपूत उम्र 10 वर्ष और अरुण राजपूत उम्र 13 वर्ष के साथ गाड़ियों के पंक्चर बनाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर निवास करता था। किसी बात को लेकर दोनों बच्चे घर से नाराज होकर बिना बताए चले गए है। सूचना प्राप्त होते ही मामले की गंभीरता को समझते हुए थाना ओरछा रोड पुलिस तत्काल हरकत में आई और सभी संभावित स्थानों पर तलाश करना प्रारंभ किया। जिले के सभी थानों की पूलिस की टीम बालकों की खोज में लग गई। टीमों को विभिन्न स्थानों पर बच्चों की तलाश के लिए भेजा। साथ ही शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज, बस स्टैंड, महोबा फोर लाइन ब्रिज, हनुमान टोरिया, रेलवे स्टेशन को चेक किया गया। इसी बीच पुलिस को जानकारी मिली कि दो नाबालिग बच्चे बताए हुए हुलिए से मिलते जुलते फोर लाइन से खजुराहो तरफ जाते देखे गए। जिस आधार पर रात करीब 2 बजे रेलवे स्टेशन होते हुए ग्राम गढ़ा बागेश्वर धाम में तलाश किया गया। वहां दौनों बच्चे राम दरबार पर सोते पाए गए।

# शिविर में लोगों को सिखाई योग से निरोग रहने की कला

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में सटई रोड स्थित ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी में योग कक्षा का 8वां वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें कॉलोनीवासी सहित पतंजलि योग समिति के जिला पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

इस शिविर में लोगों को योग से निरोग रहने की कला सिखाई गई। यह आयोजन ग्रीन एवेन्यू योग एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा लोगों में योग के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह उर्फ नन्नू राजा ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ एके रावत थे। समिति के सचिव आरके भारद्वाज ने बताया ग्रीन एवेन्यू कॉलोनी योग कक्षा 2017 से पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के मार्गदर्शन में लगातार संचालित की जा रही है। इस अवसर पर योग को जन जन तक पहुंचाने वाले पांच योग शिक्षकों में पीतांबरा योग कक्षा के हीरालाल कुशवाहा, रामकृपाल पटेल, चतुर्भुज विश्वकर्मा, सुनीला चौरसिया एवं राम सिंह परमार को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया। महिला योग प्रशिक्षक सुनीला चौरसिया ने कविता के माध्यम से योग आसन प्राणायाम का महत्व बताया।

कार्यक्रम में बाल योग साधक विधान, वेदांत, राघव, अथर्व, अंश, ओजसए समर्थ, समरेंद्र, देव, नैतिक, तरुण, कृष्णा और रूद्र ने योग आसनों का प्रदर्शन किया। पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी हीरालाल कुशवाहा ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला एवं पूरे जिले में किए योग के विस्तार के बारे में जानकारी दी।

अध्यक्षीय उद्बोधन में नन्नू राजा ने कहा कि सभी को नियमित योग करना चाहिए क्योंकि वर्तमान समय में योग एक संजीवनी के रूप में



कार्य कर रहा है। उन्होंने कॉलोनी वासियों से आग्रह किया कि सभी लोग निशुल्क योग कक्षा में आएं। अंत में अरविंद यादव ने सभी का आभार प्रदर्शित किया।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### आज मनाई जाएगी गोपाष्टमी, गौ क्रांति दल ने की तैयारी

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आज गोपाष्टमी का महापर्व बड़े ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया जाएगा। गौ क्रांति दल एवं समस्त हिंदू संगठनों द्वारा गोपाष्टमी महा पर्व का आयोजन किया गया है। गणेश साहू, डीके कालभोर आदि ने बताया कि मुख्य रूप से गौ पूजन, गौ परिक्रमा, गौ विज्ञान सभा, गौ माता की महाआरती आदि का आयोजन रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद डीडी उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष बबला शुक्ला, पूर्व सांसद हेमंत खंडेलवाल, पूर्व विधायक चंद्रशेखर देशमुख, अभिषेक जैन एवं हेमंत विजय राव देशमुख शामिल रहेंगे। वहीं शाम 7:30 बजे से अमरावती रोड पर साईं राम लॉन में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### सहस्त्रबाहु जयंती में शामिल होने घर-घर जाकर दिया जा रहा आमंत्रण



**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी के रेलवे स्टेशन रोड स्थित सांवरिया लान में हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज द्वारा राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु जिला स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन 22 नवंबर को किया जा रहा है। जयंती समारोह कार्यक्रम में सुबह 9 बजे सांवरिया लान से शोभायात्रा निकाली जाएगी एवं दोपहर 2 बजे से सांवरिया लान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हैहय कलचुरी कलार समाज के अशोक शिवहरे, सतीश शिवहरे, अरुण जायसवाल, श्याम किशोर मालवीय, अजय शिवहरे, भवानी पटेल, दीपक शिवहरे, सज्जन शिवहरे, आकाश मोहबंसी, पीयूष शिवहरे, अनिल शिवहरे, अनिल शिवहरे, सुधीर शिवहरे सहित अन्य द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु जिला स्तरीय जयंती समारोह में सभी सामाजिक लोगों से सपरिवार शामिल होने घर-घर जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है।

### प्रशिति ने लंदन से पहुंचकर किया मतदान



**आठनेर, देशबन्धु।** नगर आठनेर के उन्नत कृषक समाजसेवी प्रदीप जयसवाल की बेटी प्रशिति जयसवाल जो की ब्रिटेन लंदन में रहकर साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। 17 नवम्बर को विधानसभा चुनाव मतदान करने सात समंदर पार से फ्लाईट के जरिए लंदन से आठनेर पहुंची और विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया है। इंडियन आयल कंपनी फ्यूल स्टेशन संचालक रजनीश जयसवाल ने बताया है कि प्रशिति जयसवाल मत अधिकार के दायित्व को निभाने के लिए मतदान किया है। मतदान के प्रति जन-जागरूकता का प्रशिति जयसवाल ने संदेश भी दिया है।

# स्कूल के बच्चों को ले जा रहा आटो पलटा, 2 बच्चे घायल

- परमंडल के पास राजस्थान एग्रो के सामने हुआ हदसा

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के समीप ग्राम परमंडल पर सोमवार दोपहर करीब ढाई बजे कोरोला स्कूल के बच्चों को लेकर हेटी खापा जा रहा ऑटो अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो में 6 स्कूली बच्चे और ऑटो चालक परमंडल निवासी कृष्णा डढोरे सवार था। जिसमे से दो बच्चे घायल बताए जा रहा है, प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा बताया गया कि मुलताई से हेटी खापा जा रहे ऑटो के सामने अचानक से कुत्ते आ गए, जिसके चलते ऑटो अनियंत्रित हो गया और वह राजस्थान एग्रो के सामने पलट गया। जिसके चलते ऑटो का सामने का कांच और ड्राइवर के पास का गेट टूट गया। ऑटो में सवार दो स्कूली बच्चे शानवी पवार और हिमांशी धुर्वे को इस दुर्घटना में चोट आई है। वहीं ऑटो में दिव्यांशी पवार, शिवाय पवार, अव्यान्श पवार और अयांश पवार भी सवार थे। ऑटो पलटने की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और मुलताई पुलिस थाने से पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। मौके पर से गुजर रहे निजी वाहन चालकों द्वारा बच्चों को तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा दोनों घायल बच्चों का उपचार किया गया। ऑटो पलटने की सूचना लगते ही कोरोला स्कूल के संचालक सुरेंद्र सिंह राठौड़ भी तत्काल अस्पताल पहुंचे और सभी बच्चों की स्थिति देखी और उन्हें तत्काल उपचार उपलब्ध करवाया।



### बाइक स्लीप होने से बाइक सवार घायल

**मुलताई, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा रोड पर बुकाखेड़ी डैम के पास सोमवार दोपहर करीब 1बजे डेम के पास बाइक नियंत्रित होने से बाइक सवार बाइक सहित गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया । जिसके हाथ पैर एवं सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस से घायल को मुलताई अस्पताल लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। बताया जाता है कि ग्राम पिपरिया निवासी निलेश पिता बिनोदी पवार 27 वर्ष अपने गांव से मुलताई की ओर आ रहा था,इस दौरान ग्राम बुकाखेड़ी डैम के पास बाइकअनियंत्रित होने से वह रोड पर गिर गया।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे 108 एंबुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से एक की मौत, नहीं हो पाई सिनाख्त

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर करीब 12 बजे प्लेटफार्म नम्बर 1 पर से मालगाड़ी गुजर रही थी, तभी उसकी चपेट में एक व्यक्ति आ गया। व्यक्ति के ट्रेन की चपेट में आने से वह बुरी तरह से घायल हो गया। इसका एक हाथ और दोनो पैर कट गए थे। ट्रेन को रुकवाया गया और उसे बाहर निकलवा कर तत्काल मौके पर एंबुलेंस बुलावाई गई, जिससे उसे नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन उसने तब तक दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शीयो द्वारा बताया गया कि रेलवे स्टेशन के मुख्य लाइन पर गुड शेड की लोडिंग गाड़ी खड़ी हुई थी, जिसके कारण प्लेटफार्म नंबर एक से मालगाड़ी गुजर रही थी। तभी अचानक से उस गाड़ी की चपेट में एक व्यक्ति आ गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक उस व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। उसके पास से कोई भी दस्तावेज नहीं मिल पाए, मात्र एक मोबाइल फोन प्राप्त हुआ है जिससे जानकारी जुटाई जा रही थी। उसके शव को सरकारी अस्पताल के पोस्टमॉर्टम कक्ष में रखवा दिया गया था। इस बात की जानकारी भी नही लग पाई की वह व्यक्ति स्वयं से ट्रेन के बीच में कूदा या, गलती से गिर गया। यह दुर्घटना है या आत्महत्या इस बारे में पड़ताल की जा रही है। कुछ लोगो ने बताया की उसके साथ एक और व्यक्ति था और वे दोनो प्लेटफार्म नंबर एक पर काफी देर से घूम रहे थे।



# घर में निकला कोबरा सांप, मचा हड़कंप, छत पर चढ़े परिजन



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम आष्टा में रविवार देर रात शुभम माथनकर के घर के बाथरूम में जहरीला कोबरा सांप निकलने से हड़कंप मच गया।

बाथरूम में सांप को देखकर महिला सहित परिजन घबरा गए और कुछ परिजन तो छत पर चढ़ गए। सांप निकलने की सूचना तत्काल सर्प मित्र श्रीकांत विश्वकर्मा को दी गई जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और उन्होंने करीब 1 घंटे की कड़ी में मशक्कत के बाद सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। उन्होंने बताया कि यह सांप कोबरा प्रजाति का था, जिसमें न्यूरोटोक्सीन जहर पाया जाता है। अगर यह किसी को काट ले तो इंसान की मृत्यु हो जाती है। इसीलिए यदि सांप काटे तो झाड़ फूंक के चक्कर में ना पड़े, तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना इलाज करवाए।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नृत्य और नाटिका की दी आकर्षक प्रस्तुति

- कॉलेज में स्टॉफ मीट एवं दीवाली मिलन समारोह का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** हरदा डिग्री कॉलेज द्वारा स्टॉफ मीट एवं दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय व विद्यालय के शिक्षकों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी माया सिंहल, पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रभुशंकर शुक्ल, डॉ संगीता बिले प्राचार्य स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय, विजय अग्रवाल प्राचार्य शासकीय आदर्श महाविद्यालय, डॉ गिरीश सिंहल डायरेक्टर, डॉ आर के पाटिल प्राचार्य डिग्री कॉलेज ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया।

आयोजन में शिक्षिका अंजली ,शिक्षिका शिखा शिक्षिका प्रीति, शिक्षिका मनोरमा, शिक्षिका वृंदा साबू, पूजा, साजिया व साथियों ने नृत्य की प्रस्तुति दी वहीं शिक्षक सत्येंद्र परिहार, आनन्द व साथियों ने हास्य नाटिका की प्रस्तुति दी। शिक्षक सद्दाम, नासिर व साथियों ने बॉलीवुड वेस्टर्न डांस प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भारत की बेटी शीर्षक ड्रामा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें करुण भाव भरी कहानी मंच से स्कूल के शिक्षक शकील सर, वन्दना मेडम व साथियों के द्वारा प्रस्तुति दी गई। शिक्षक कपिल एवं साथियों ने सुमधुर गीत की प्रस्तुति दी। कॉलेज के डायरेक्टर्स ने भी एक फिलर प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अंतिम प्रस्तुति देशभक्ति से ओतप्रोत रही। जिसमें सैनिक की दिनचर्या व साहसिक गतिविधि को शिक्षक अजय , योगेश व साथियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिसमें विभिन्न प्रकार के पिरामिड बनाये गए हाथों की आकृति द्वारा हेलीकॉप्टर, रायफल की आकृति बनाई गई। इस आकर्षक प्रस्तुति में प्रांगण में उपस्थित सभी ने राष्ट्र के सम्मान में अपनी जगह पर खड़े होकर जय हिंद के नारे लगाए एवं सेल्यूट किया । कार्यक्रम का संचालन डॉ अभिलाषा सिंहल, वन्दना त्रिवेदी व अनन्त यादव ने किया।




# पवार समाज ने किया दिपावली मिलन समारोह का आयोजन

**बैतूल, देशबन्धु।** पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच के तत्वावधान में मां ताप्ती नदी के मंदिर परिसर खेडी सांवलीगढ़ में वरिष्ठ जनों का सम्मान और दिपावली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष केप्टन एलआर पवार की अध्यक्षता में संरक्षक बाबूलाल कालभोर, उपाध्यक्ष सोजरलाल गोहिते, वरिष्ठ सत्कार मूर्ति रतनलाल पाठा महदगांव 87 वर्ष के एवं पन्नालाल कड़वे सेवानिवृत्त शिक्षक 86 वर्ष के डहरगांव निवासी का मंच के संरक्षक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों ने तिलक लगाकर शाल,श्रीफल, पुष्पहार से अभिनंदन किया। इस अवसर पर मंच के उन वरिष्ठ सदस्यों का जन्म दिन और दिपावली मिलन सामुहिक रूप से मनाया गया जिनका जन्म माह नवम्बर में हुआ। सचिव अविनाश देशमुख ने मंच के उद्देश्यों की जानकारी दी। प्रचार मंत्री भी बीआर पवार ने आगामी समय में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। मंच के अध्यक्ष केप्टन एलआर ने मंच के विस्तार के लिए अधिक से अधिक वरिष्ठ जनों को जोड़ने बात कही। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ सदस्य शिवजी पवार, हज़ारे, रामराव, डिगरसे, युगलकिशोर डिगरसे, पत्रकार रामकिशोर पंवार, जगदीश परिहार, मुन्ना लाल देवासे, अशोक बारंगा जग्गू भैय्या, अरविंद गोहिते, रमेश गोहिते, हरीराम खपरिये, मोहनलाल कालभोर, विजय कुमार बारंगे आदि का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन अविनाश देशमुख ने और आभार बीआर पवार ने व्यक्त किया।



# लूट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**छतरपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के मार्गदर्शन में नौगांव पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया फरियादी राजेश पाल पिता बब्लू पाल उम्र 15 साल निवासी वार्ड नंबर 17 गोकुल धाम कालोनी नौगांव ने थाना आकर रिपोर्ट किया कि मैं अपनी सिल्वर रंग की एच एफ डिलक्स मोटर साइकिल नं. MP-16-MQ-9465 से अपने घर से मूंगफली का तेल पिराने धौर्रा रोड़ पर साहू की तेल पिराई मशीन पर जा रहा था। मोड़ के पास कच्ची सड़क डिस्लरी रोड पर पहुंचा तो वहा पर दो लोग खड़े थे उन्होने मुझे रोका और एक व्यक्ति ने मेरी शर्ट की जेब में रखा मेरा विवो कम्पनी का मोबाइल जिसमे जियो कम्पनी की दो सिम जिसका नम्बर 7000152381 डला था व दूसरे सिम का नम्बर याद नही है एवं 100/- रुपये पैन्ट की जेब से निकल लिये और मेरी मोटर साइकिल छीनकर मारपीट की। तभी हमारा परिचित गोलू खान आ गया जिसे देख कर दोनो आरोपी मेरे रुपये व मोबाइल छीन कर डिस्लरी रोड़ तरफ भाग गये।

फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 394 भादवि के अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर आरोपी उम्र 20 वर्ष निवासी हल्लू कॉलोनी नौगांव एवं दूसरे आरोपी उम्र 20 वर्ष निवासी धौर्रा मंदिर रोड नौगांव को विंध्यवासिनी मंदिर पहाडी नौगांव से पकड़ा गया। उनके पास से लूटा गया माल जप्त कर गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय पेश किया गया।

# रामलीला: राम-भरत मिलाप के साथ कई लीलाओं का किया मंचन



**मुलताई, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम डहुआ में चल रही रामलीला के मंच पर रविवार की रात स्थानीय कलाकारों द्वारा राम भरत मिलाप एवं दशरथ मरण की हृदय स्पर्शी लीला का मंचन किया गया। रामलीला के मंच पर सर्वप्रथम केवट द्वारा भगवान राम,सीता एवं लक्ष्मण को अपनी नाव से गंगा पार कराने की लीला का मंचन किया गया। जिसके बाद भगवान राम एवं भरत के बीच मिलाप एवं दशरथ मरण की मार्मिक लीला का मंचन किया गया। लीला में सुधीर कड़वे ने भगवान राम,मयूर बारंगे ने सीता माता,राजू परिहार ने सुमंत,फुस्या पवार ने निषाद,अनिल बारंगे ने लक्ष्मण,घनश्याम मगरदे ने केवट,मनीराम बारंगे ने राजा दशरथ, नीलेश मगरदे ने केकई की भूमिका निभाई।

# *तम्बाकू पाउच खाने से 60 हजार लोग कैंसर के मुहाने पर*

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ स्वाद और खुशबू से भरपूर तम्बाखू पान मसाला भले ही लोग जायका लेकर खाते हों, पर ये धीमा जहर लोगों के लिए जानलेवा बन रहा है। इस मसले ने लोगों के मुंह लॉक कर दिए है।तम्बाकू पाउच खाने वाले करीब 60 हजार से अधिक लोग कैंसर के मुहाने पर पहुंच गए है।*

*डॉक्टर साहब मेरे बच्चे का मुँह खुलना बंद हो गया है, कुछ भी खाने में दिक्कत होती है। यह सब तंबाकू गुटखा पाउच खाने की वजह से हुआ है। यह स्थिति एक बच्चे की नहीं बल्कि जिले के 10 से 15 साल उम्र वाले तमाम बच्चों, किशोरों और 18 से 40 की उम्र वाले उन तमाम लोगों की है जो दिन में एक दो नहीं बल्कि दर्जनों तम्बाकू पाउच खाकर अपने जीवन से खिलवाड करने पर तुले हैं।*

*तंबाकू पाउच खाने के शौकीन लोगों को पूरे दिन बात बात में तंबाकू गुटखा के पाउच खोलकर खाते देखा जा सकता है। ऐसे तमाम शौकीन हैं जो इस हानिकारक गुटखे से होने वाले खतरों के बारे में सबकुछ जानने के बावजूद इस लत को नहीं छोड पा रहे हैं।*

*एक एनजीओ द्वारा किए गए सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर तंबाकू गुटखा के पाउच खाने वाले लोगों में से 40 प्रतिशत लोग पूरा मुँह न खुलने और 20 प्रतिशत लोगों के मुँह व गले में छाले होने की शिकायतें मिल रही हैं। यही छाले बाद में धीरे धीरे केंसर का कारण बन जाते हैं। तंबाकू गुटखों के कारण जो सच्ची तस्वीर सामने आ रही है वह भयावह है और पीडा की दास्तान किसी दर्दनाक पीडा से कम नहीं है। जिले में करीब 60 हजार से अधिक ऐसे लोग हैं जो तम्बाखू मसाला खाकर जानलेवा कैंसर के मुहाने पर है।*

***मुंह के छालों से कैंसर की दस्तक :*** *ऐसे कई युवा हैं जिनका पूरा मुँह पहले तीन इंच खुलता था अब गुटखों के कारण जबडे जाम हो जाने से उनका मुँह केवल एक इंच ही खुल पा रहा है। 28 साल के उदय कुमार बताते हैं कि वे पिछले करीब 10 सालों से लगातार तंबाकू गुटखा खा रहे हैं इस कारण उनका पूरा मुँह नहीं खुल पर रहा है वे बडा पान या फिर चाट वाले गोलगप्पे आसानी से मुँह खोलकर नहीं खा पाते हैं। एसके चौरसिया बताते हैं कि तंबाकू गुटखा लगातार खाने से उनके मुँह, गले और पेट में छाले हो गए थे समय से समस्या का पता चलने के कारण दिल्ली के एक बडे अस्पताल में करीब एक माह तक इलाज कराया तब कहीं परेशानी से छुटकारा मिला है। वे कहते हैं कि इस परेशानी को झेलकर अब तंबाकू गुटखा से तौबा कर ली है। 30 साल के रवि प्रकाश गुप्ता ओर एनसी खरे तंबाकू गुटखा के कारण कैंसर के शिकार हो चुके हैं। ग्वालियर और वाराणसी के कैंसर अस्पताल में लंबे उपचार के बाद अब उनकी हालत में सुधार है। वे कहते हैं कि दर्दनाक परेशनी झेलने के बाद अब वे तंबाकू गुटखा से तौबा कर चुके हैं।*

***कड़ेप्रतिबंध भी नहीं आए काम :*** *प्रदेश सरकार ने तंबाकू गुटखों के हानिकारक प्रभाव से लोगों को बचाने के लिए इनकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद इसके बाजार में इन्हें रंग रूप बदलकर बेचा जा रहा है और लोग इन्हें खा रहे है। इनकी बिक्री पर लगाए गए प्रतिबंध काम नहीं आ सके हैं। यदा कदा गुटखा पाउच पकडने के लिए अभियान चलाया जाता है लेकिन इस कार्यवाही का फालोअप न होने से इनकी बिक्री पर स्थाई रूप से बंद नहीं हो सकी है। स्कूलों और कॉलेज के आस पास भी इनकी बिक्री की जा रही है। यहीं से बच्चे, किशोर और युवा इनकी लत के शिकार हो रहे हैं।*

## *इनका कहना है*

*तंबाकू पाउच खाने से गाल में जख्म, गले में छाले हो जाते हैं। जिससे नमक, मिर्च मसाला खाने में भी दिक्कत होती है और स्वाद का ज्ञान नहीं हो पाता है। ज्यादा समय तक ज्यादा मात्रा में इसके प्रयोग से मुँह और गले की नॉर्मल सेल धीरे धीरे कैंसर सेल में बदल जाती है यह स्थिति जानलेवा होती है। समय से यदि चेकअप न कराया जाए तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। जरूरी है कि लोग हानिकारक तंबाकू गुटखा के सेवन से बचें।*

***डॉ आरके धमनिया,*** *सर्जन, जिला अस्पताल छतरपुर*

## सार समाचार

### 25 से 28 नवंबर तक लगेगा बांद्राभान का मेला

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी कार्तिक मास की पूर्णिमा के अवसर पर 25 नवंबर से 28 नवंबर तक तवा और नर्मदा नदी के संगम पर बांद्राभान का मेला आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट में मेले की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि बांद्राभान मेले के लिए बस, मिनी बस, ऑटो सहित अन्य वाहनों के यात्री किराए का शीघ्र निर्धारण करें। उन्होंने नगर पालिका नर्मदापुरम को मेला स्थल पर दो फायर ब्रिगेड, शुद्ध पेयजल एवं चलित शौचालय की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला स्थल पर नियमित साफ सफाई की जाए। साफ सफाई के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। उन्होंने माइनिंग अधिकारी को ले आउट डालने का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेला स्थल पर व्यवस्थित मार्किंग कर बैरीग्रेडिंग किए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मेला स्थल पर आने जाने वाले मार्ग पर आवश्यक मरम्मत एवं झाड़ियां को हटाने की कार्यवाही भी शीघ्र पूर्ण कराएं। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान जनपद, होमगार्ड एवं पुलिस के एक संयुक्त कंट्रोल रूम का संचालन किया जाए। उन्होंने मेला स्थल पर वॉच टावर भी लगाने के निर्देश दिए ताकि मेला स्थल पर स्नान करने वाले लोगों की सतत निगरानी की जा सके। उन्होंने अनाउंसमेंट सिस्टम और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मेला स्थल पर चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एमपीईबी को निर्देशित किया कि मेला अवधि के दौरान विद्युत का अस्थाई कनेक्शन दिया जाए। बताया गया कि मेला अवधि के दौरान तवा बांध से पानी नहीं छोड़ा जाएगा। मेले के दौरान मेला क्षेत्र में नाव का संचालन पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। कलेक्टर ने आवश्यक टेंडर प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

# मौसम में बदलाव बढ़ा रहा बीमारी, 8 दिन में ओपीडी में आए 3 हजार 905 मरीज



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** वैसे तो सेहत के लिए से ठंड का मौसम बेहतर माना गया है, लेकिन इस सीजन में भी सर्दी-जुकाम जैसी छोटी मोटी बीमारियों को लेकर मरीजों की भीड़ अस्पतालों में लग रही है। जिला अस्पताल समेत शहर के निजी अस्पतालों व क्लीनिक में सुबह से ही मरीजों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है। जिला अस्पताल में ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और शिशुवती-महिलाओं की रहती हैं। हालांकि, ज्यादातर लोगों में मौसम में गुलाबी ठंड घुलने के कारण सामान्य बुखार और सर्दी-जुकाम की शिकायत है। मौसम का विपरीत असर होने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। जिला अस्पताल में शहर समेत आस-पास के गांव से बड़ी संख्या में मरीज अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं। अस्पताल में रोजाना की ओपीडी बढ़ कर अब करीब 300 से 400 तक जा रही है। जिला अस्पताल में 12 नवंबर 2023 से 20 नवंबर 2023 तक बीते 8 दिनों में कुल 3 हजार 905 मरीज अपना इलाज कराने पहुंचे। जिनमें से 3 हजार 871 नए एवं 34 फॉलोअप के मरीज पहुंचे। सामान्य चिकित्सा और दुर्घटना के मरीजों में भी बीते 8 दिनों में वृद्धि हुई है। वहीं बीते 8 दिनों में जिला अस्पताल में कुल 685 मरीज भर्ती किए गए।

### महिलाओं और बच्चों की संख्या बढ़ी

जिला अस्पताल में 12 नवंबर 2023 से 20 नवंबर 2023 तक बीते 8 दिनों में कुल 3 हजार 905 मरीज अपना इलाज कराने पहुंचे। जिनमें बाल चिकित्सा के लिए 310 मरीज पहुंचे। तो वहीं स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट अर्थात एसएनसीयू में 116 नए एवं 4 फॉलोअप के बच्चों को लाया गया। वहीं प्रसूति एवं स्त्री रोग के नए 426 नए एवं 8 फॉलोअप आए।

### गुलाबी ठंड ने बिगाड़ा सेहत का मिजाज

सोमवार को जिले का दिन का तापमान 32.5 डिसे रहा। जबकि रविवार सोमवार की रात का न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम में बदलाव के कारण सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। बच्चे के साथ बड़े भी वायरल फीवर के साथ ही खांसी, जुकाम, उल्टी, दस्त जैसी बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं। इसके कारण जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है।

### बीते 8 दिन में इन बीमारी के मरीज आए

| बीमारी | नए | फॉलोअप |
|---|---|---|
| दुर्घटना | 1003 | 8 |
| ईएनटी | 55 | 0 |
| जन सर्जरी | 203 | 2 |
| जन चिकित्सा | 1405 | 9 |
| दांत | 69 | 0 |
| हड्डी | 183 | 3 |
| क्षय | 20 | 0 |
| एनेस्थीसिया | 01 | 1 |
| नेत्र चिकित्सा | 80 | 0 |

### 8 दिन में भर्ती हुए 685 मरीज

| वार्ड | भर्ती मरीज |
|---|---|
| महिला मेडिकल | 74 |
| महिला सर्जिकल | 27 |
| पुरुष मेडिकल | 140 |
| पुरुष सर्जिकल | 93 |
| मातृत्व | 250 |
| बच्चा वार्ड | 09 |
| बर्न वार्ड | 01 |
| कैदी वार्ड | 01 |
| एसएनसीयू | 66 |
| एनआरसी | 02 |
| पीआईसीयू | 22 |

### सावधानी बरतनी चाहिए

जिला अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि मौसम में परिवर्तन की वजह से मरीजों की संख्या बढ़ी है। इस मौसम में मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ जाता है। इसलिए लोग सावधानी बरतें। पीने के पानी को लेकर विशेष ध्यान रखें। वही ठंड के मौसम में हार्ट अटैक की संभावना अधिक रहती है, इसलिए सावधानी बरतें और जरा सी भी शंका होने पर अपने समीपस्थ स्वास्थ्य केंद्र में दिखाए।

# मतगणना की सभी तैयारियां समय सीमा में पूर्ण की जाएं : कलेक्टर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन ने तहत 3 दिसंबर को आयोजित होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां समयसीमा में पूर्ण की जाएं। काउंटिंग टीम गठित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाए।

यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम को मतगणना केंद्र बनाया गया है। केंद्र पर मतगणना कक्ष सहित अन्य सभी कक्षों में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में कलेक्टर ने खाद की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा की।

उन्होंने जिले में उपलब्ध खाद का सुचारू रूप से किसानों को वितरण कराने के निर्देश दिए। बताया गया कि जिले में यूरिया और कॉम्प्लेक्स खाद की पर्याप्त उपलब्धता हैं। आगामी दिनों 2 रेक यूरिया इटारसी एवं एक रैक यूरिया पिपरिया को प्राप्त होगी। कलेक्टर ने नहरों से सिंचाई और बिजली की आपूर्ति के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले में धान उपार्जन 1 दिसंबर को प्रारंभ हो जायेगा। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को धान उपार्जन केन्द्रों के प्रस्ताव आगामी 2 दिवसों में भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के धान पंजीयन के अनुपात मे केंद्रो का निर्धारण किया जाएं। उन्होंने केंद्रो के निर्धारण में खरीफ उपार्जन नीति का पालन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने धान पंजीयन का शेष सत्यापन भी शीघ्र पूर्ण करने के लिए सिवनीमालवा तहसीलदार को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि आचार संहिता के अंतर्गत अनुमत्य शासकीय कार्यों को पूरा करने में गति लाएं। उन्होंने जनसामान्य से प्राप्त शिकायतों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होनें सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए भी सभी एसडीएम और तहसीलदार को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित दिनों पर सभी एसडीएम, तहसीलदार अपने अपने राजस्व न्यायालय का संचालन कर लंबित प्रकरणों का निराकरण कराएं।

# रेलवे स्टेशन के सामने सड़क किनारे अतिक्रमण बन रहे परेशानी का सबब





- कई बार हटाने के बाद अनदेखी के कारण पुनः पनप जाता है अतिक्रमण
- न तो पुलिस का ध्यान है और ना ही नगर पालिका कोई मुहिम चला रही है

**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन के सामने गेट से लगी गुमटियों पर चाय की चुस्कियां लेते बेतरतीब वाहन खड़े करने वाले ग्राहक, शराब दुकान के सामने सरकारी भूमि कब्जाकर बैठे खानपान वाले, जो अपने हाथठेके के कारोबार के पीछे लोगों को शराब भी पिला रहे हैं, शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में परेशानी का सबब बने हुए हैं। इस रोड पर जाम लगना अब आम बात हो चली है और सामने ट्रैफिक चौकी होने के बावजूद कोई ट्रैफिक कर्मी इस व्यवस्था को दुरुस्त करने की जरूरत नहीं समझता है।

ओवरब्रिज से लेकर राजटाकीज के पास तक रोड पर लगभग हर शाम के बाद ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा जाती है, खासकर रेलवे स्टेशन के सामने, पेट्रोल पंप के सामने और शराब दुकान के सामने बड़ी संख्या में दुपहिया वाहन की बेतरतीब पार्किंग जाम लगने का बड़ा कारण बन रही हैं। शनिवार रात इस मार्ग पर लगे जाम में मरीज को लेकर जा रही एक एबुलेंस भी वाहनों की भीड़ में फंस गई। अंदर बैठे मरीज के स्वजन खुद लोगों को रास्ता देने के लिए चीख पुकार मचाते रहे, जब हालात बेकाबू हुए तब यातायात चौकी से आए पुलिसकर्मियों की नींद खुली, बमुश्किल जाम खोला जा सका।

### इन कारणों से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

शहर में प्रवेश करने वाला यह मार्ग सीध राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे है, न सिर्फ शहरी आबादी बल्कि हरदा, सिवनी मालवा और खंडवा, इंदौर के वाहन भी इसी मार्ग से गुजरते हैं। शाम होते ही पेट्रोल पंप के आसपास मनमाने ढंग से दोपहिया वाहन खड़े कर लोग चाय नाश्ता करने जमा हो जाते हैं। रोड पर स्टेशन से लगी गुमठियों पर यात्री एवं नागरिक वाहन खड़े कर चाय पीकर घंटों बतियाते और टाइम पास करते रहते हैं। नीलम होटल हनुमान मंदिर के आसपास भी सैकड़ों वाहन खड़े कर असामाजिक तत्व जमा हो जाते हैं। मुख्य समस्या शराब दुकान के सामने रोड किनारे लगने वाली होटलों के कारण हो रही है, स्टेशन की ग्राहकी के लिए यहां रोटी सब्जी पराठे और अन्य खानपान के ठेले सड़क पर कब्जा कर दुकानें चलाते हैं। शाम से लेकर देर रात तक अतिक्रमण के कारण आम जनता परेशान होती है।

### पुलिस नहीं दे रही ध्यान

लंबे समय से यह समस्या लोगों के लिए मुसीबत का कारण बन रही है, लेकिन नगर पालिका और यातायात पुलिस इसे लेकर कोई एक्शन नहीं ले रही है, जबकि सामने ही यातायात पुलिस चौकी में पुलिसकर्मी रोजाना हालात बेकाबू होते देखते रहते हैं। नागरिकों का कहना हैं कि इस मार्ग से सख्ती से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए। रेलवे स्टेशन आने वाले यात्रियों के वाहन, मालगोदाम में आने वाले हेवी ट्रक, पेट्रोल पंप में आने वाले वाहन एवं हरदा मार्ग पर जाने वाली बसों यात्री वाहनों के कारण पूरी सड़क यातायात का भारी दवाब झेल रही है। नागरिकों ने बताया कि बढ़ती आबादी एवं वाहनों की संख्या के हिसाब से इस मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना जरूरी है तभी लोगों को रोज लगने वाले जाम से मुक्ति मिलेगी। मामले को लेकर नगर निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि जल्द ही नपा की मदद से यहां सड़कों पर फैला अतिक्रमण हटाया जाएगा।

# खैर घाट जा रहे लोगों को बोलरो ने मारी टक्कर, 4 श्रद्धालु हुए गंभीर रूप से घायल

### पुलिस ने किया अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज



**बनखेड़ी, देशबन्धु।** बनखेड़ी से खैर घाटे सारे भरते हुए नर्मदा जा रहे श्रद्धालुओं को तेज रफ्तार बोलेरों ने टक्कर मार दी। इस घटना के बाद आरोपी चालक फरार हो गया। इस हादसे में 2 महिलाओं सहित 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना रविवार शाम 6 बजे के करीब चांदोन रोड स्थित रईस मिल टकरा के पास की बताई गई है। हालांकि मौजूद लोगों ने घायलों को तुरंत स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र बनखेड़ी में उपचार के लिए भेजा। इनमें से 4 को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में सुचारू रूप से प्राथमिक उपचार न मिलने की स्थिति में परिजन 2 घायलों को एम्स अस्पताल भेज दिया गया, जहां पर उनका उपचार जारी है। घायलों के नाम अनीता बाई कुशवाहा, मोहन कुशवाहा, सुमन बाई और एक अन्य व्यक्ति शामिल है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी हलकोरी पिता बारेलाल बेलवंशी निवासी थाने के पास बनखेड़ी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी के चालक के विरोध में विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया था, हालांकि पूरे मामले को लेकर बनखेड़ी पुलिस जांच में जुट गई है।

# जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता शुरु, 23 को होगी संभाग स्तरीय

**इटारसी, देशबन्धु।** श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर इटारसी में विकासखंड एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को 23 नवंबर 23 को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता इसी मैदान पर आयोजित होंगी।

खेल परिसर में नोडल अधिकारी अश्विन मालवीय, संयोजक उपेंद्र साहू उप प्राचार्य सीएम राइज स्कूल इटारसी, जिला खेल अधिकारी सुश्री वंदना रघुवंशी, विकास खंड खेल अधिकारी श्रीमती खान, प्रतियोगिता में अहम जिम्मेदारी निभाने वाले खेल शिक्षक अर्पण दुबे, विनोद दुबे, आलोक चौधरी, वीपी चौरे, कृष्णा साहू, राजेंद्र नामदेव,



अरविन्द शर्मा, उमेश बर्रिया, पंकज मेहतो, रामकृष्ण यादव ने आयोजन कराया।

# पुरानी पेंशन पर नहीं मानी सरकार, तो होगी पूरे देश में रेल हड़ताल



### एनएफआईआर और डब्ल्यूसीआरएमएस के आह्वान पर वोटिंग

**इटारसी, देशबन्धु।** नेशनल फेडरेशन राष्ट्रीय महामंत्री राघवैया के आह्वान पर न्यू पेंशन स्कीम के विरोध में भारतीय रेल में अनिश्चित कालीन रेल हड़ताल के लिए 20-21 नवंबर को 2 दिन समस्त भारतीय रेलवे के समस्त कारखानों, शेड, यूनिट, स्टेशन, डिपो सहित मंडल और जोनल कार्यालयों में रेल कर्मचारियों द्वारा गुप्त मतदान का आगाज हो चुका है।

तिरंगा झंडा यूनियन के जोनल महामंत्री अशोक शर्मा, आर के शर्मा, भोपाल मंडल अध्यक्ष राजेश पांडे, कोषाध्यक्ष भागीरथ मीणा के मार्गदर्शन सहित समस्त शीर्ष नेतृत्व द्वारा एसी टीआरएस शेड, डीजल शेड, सीएंडडब्ल्यू, इलेक्ट्रिक, आईओडब्लू न्यूयार्ड, रेलवे स्टेशन एरिया सहित कई स्थानों पर मजदूर संघ के पदाधिकारियों द्वारा रेल हड़ताल के पक्ष, विपक्ष में गुप्त मतदान कराया जा रहा है।

मजदूर संघ के आकाश यादव ने बताया कि सुबह 8 बजे से ही सभी रेल कर्मी बढ़ चढ़ कर मतदान कर रहे हैं। मतदान का यह कार्य 2 दिन तक जारी रहेगा। केवल आज ही इटारसी और आसपास क्षेत्र में 70 फीसदी कर्मचारियों से मतदान कराया जा चुका है।

ज्ञात हो कि रेल कर्मचारियों के हितों के लिए केवल मजदूर संघ 2004 से बन्द पुरानी पेंशन को पाने के लिए सबसे अधिक और निरन्तर संघर्ष कर रहा है। वर्तमान में रेलवे में लगभग 70 प्रतिशत लोग एनपीएस के दायरे में आ चुके हैं। जबकि देश के जनप्रतिनिधि चुनाव जीतकर कई प्रकार की गारंटेड पेंशन ले रहे हैं, और शासकीय कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इस नई पेंशन प्रणाली के कारण इनका भविष्य और रिटायरमेंट अंधकारमय हो गया है।

### दिल्ली में धरने पर बैठेंगे आर्डिनेंस फैक्ट्री कर्मचारी

केन्द्र सरकार के कर्मचारी पुरानी पेंशन पुनः प्रारंभ करने आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। जहां रेलवे की दोनों प्रमुख कर्मचारी संगठन अखिल भारतीय स्तर पर रेल हड़ताल के लिए कर्मचारियों का मत जानने मतदान करा रहे हैं तो आर्डनेंस फैक्ट्री के कर्मचारी 22 नवंबर से दिल्ली में जंतर-मंतर पर धरने पर बैठेंगे। यहां से कर्मचारी कल 21 नवंबर को नयीदिल्ली के लिए निकलेंगे।

### ओएफ कर्मी कल करेंगे दिल्ली कूच

देशभर में आयुध निमार्णियों में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी केंद्र सरकार की निगमीकरण और ओपीएस को लेकर लामबंद हो रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय मजदूर संघ और प्रतिरक्षा मजदूर संघ के बैनर तले करीब ढाई लाख अधिकारी और कर्मचारी राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर 22 नंवबर को निगमीकरण के खिलाफ धरने पर बैठेंगे। इसमें आयुध निर्माणी इटारसी से भी करीब 50 कर्मियों का जत्था धरना व प्रदर्शन में शामिल होने 21 नवंबर को ट्रेन से दिल्ली रवाना होगा।

आयुध निर्माणी कर्मचारी संघ इटारसी के महामंत्री कुलदीप चौधरी ने बताया कि रणनीति पर बात हो चुकी है और बैठकों का दौर जारी है। एक सूत्री मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। इस मामले में अपनी आवाज बुलंद करने के उद्देश्य से देशभर से आयुध निर्माणी कर्मचारी एकत्र होकर जंतर-मंतर एक दिवसीय प्रदर्शन को लेकर मजदूर संघ पदाधिकारी देशभर के अपने सहयोगियों से आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श कर रहे हैं।

# 10 दिन के अवकाश के बाद खुली मंडी, मूहूर्त पूजा के बाद कारोबार शुरु



**इटारसी, देशबन्धु।** दस दिन के लंबे दीपावली अवकाश के बाद आज सोमवार को कृषि उपज मंडी परिसर में दूज पूजा के बाद पुनः कारोबार प्रारंभ हुआ। सुबह शुभ मुहूर्त में पूजा के बाद सबसे पहले परंपरा अनुसार धना की खरीदी की गई।

आज मुहूर्त खरीदी में धना की आवक 90 बोरी हुई। इसके अलावा अन्य सभी अनाज मिलाकर मंडी परिसर में करीब तीस हजार क्विंटल अनाज की आवक हुई है। मंडी में चना, मक्का धान, सोयाबीन, गेहूं की भी आवक हुई। हालांकि जब 10 नवंबर को मंडी में अवकाश घोषित हुआ था, जब यहां 35 से 40 क्विंटल तक उपज की आवक हो रही थी, आज अवकाश के बाद पहले दिन पूर्व की अपेक्षा अनाज की बहुत कम आवक हुई है।

**किसान जुटे खेती में**-मंडी में दस दिन के अवकाश के बाद जहां कम उपज का कारण मंडी प्रबंधन किसानों का खेती में जुटे होना बता रहा है तो वही कई किसान डीएपी खाद के लिए लाइन में लगे हैं। किसान जुताई आदि में लगा है तो दीपावली के पूर्व पैसों की जरूरत के लिए किसानों ने पहले ही अपना अनाज तेजी से बचा है, अब जो बचा है, किसान खेती से निपटने के बाद बेचने आएगा तो धान की आवक में बढ़ोतरी होने की संभावना जतायी जा रही है।

### इनका कहना है

*करीब दस दिन की छुट्टी के बाद मंडी खुली है, करीब तीस हजार बोरा उपज की आवक हुई है। मुहूर्त में खरीदी के लिए करीब 90 बोरा धना आया था जो 9001 रुपए में बिका है।*

***केसी बामलिया, प्रभारी सचिव***

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष छतरपुर पहुंचे, राजनगर मामले में कलेक्टर-एसपी को सौंपा ज्ञापन

# कांग्रेस विधायक विक्रम सिंह समेत 12 लोगों पर कई धाराओं में मामला दर्ज



**भोपाल, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के राजनगर विधानसभा क्षेत्र में सलमान की मौत के बाद राजनीति गर्मा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा 2 दिन पहले यहां धरना दिए जाने के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा आज छतरपुर पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा विधायक और राजनगर से कांग्रेस प्रत्याशी नातीराजा ने अपने ही ड्राइवर की बलि दे दी। राजनीतिक लाभ के लिए योजनाबद्ध तरीके से उन्होंने ऐसा किया। प्रशासन ने इस मामले में एकतरफा कार्रवाई की। उन्होंने इस मामले की जांच की मांग भी की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन भी सौंपा। जिसमें भाजपा प्रत्याशी और पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं पर दर्ज मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। इसके कुछ देर बाद ही पुलिस ने कांग्रेस विधायक विक्रम सिंह समेत 12 लोगों पर कई धाराओं में मामला दर्ज कर लिया।

भाजपा प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश शासन के मंत्री विजेन्द्र प्रताप सिंह, पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव, पार्टी के प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल कुशवाहा, पार्टी के जिला अध्यक्ष मलखान सिंह, विधायक राजेश शुक्ला, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ज्योति सुरेन्द्र चौरसिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या हरिओम अग्निहोत्री, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिनेन्द्र पटैरिया, पन्ना के पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम एवं चंदला प्रत्याशी दिलीप अहिरवार उपस्थित रहे।

## मामले में दूध का दूध पानी का पानी होना चाहिए : शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने यहां कहा कि हमने पुलिस प्रशासन को इस मामले में कड़ी से कड़ी कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है। मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। पार्षद सलमान की मौत कैसे हुई है। प्रशासन ने कार्रवाई क्यों नहीं की। उन्होंने कलेक्टर से शिकायती आवेदन में कहा है कि गाड़ी से कुचलने के मामले में 302 के तहत मामला दर्ज किया गया क्या ऐसा होता है।

### इनका कहना है

*कांग्रेस प्रत्याशी विक्रम सिंह, शिवम सिंह बुंदेला, गोविंद सिंह, शनि सिंह, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, योगेन्द्र सिंह छुटटे राजा, अमर सिंह, महूम सिंह, जगत सिंह, अजय सिंह, शैलेन्द्र सिंह डिगौनी, रामकिशोर गुप्ता सहित 20 अन्य लोगों पर 307 समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। यह केस 17 तारीख को सुबह 3 से 4 बजे के बीच विवाद हुआ थाए उसे लेकर है। दोनों ही मामलों में निष्पक्ष जांच करवाई जा रही है।*

***अमित सांघी,** एसपी, छतरपुर*



कार्यकर्ता बैठक में बोले-

## डरने की जरूरत नहीं, मैं आपके साथ हमेशा खड़ा हूं

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने छतरपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली। उन्होंने कहा कि निराधार और मनगढंत आरोपों से डरने की जरूरत नहीं है। भाजपा कार्यकर्ताओं को देवतुल्य मानती है, किसी भी कार्यकर्ता को अगर कोई भी व्यक्ति डराता है या परेशान करने की कोशिश करता है तो पूरी पार्टी उसके साथ खड़ी है। निर्दोष कार्यकर्ताओं पर बिना जांच, बिना सबूत के हत्या जैसे गंभीर धाराओं में मामला दर्ज करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए चुनाव आयोग और पुलिस महानिदेशक को शिकायत की गई है।

बैठक में खनिज मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह, संभाग प्रभारी मुकेश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव, प्रदेश मंत्री प्रभुदयाल कुशवाहा, विधायक राजेश शुक्ला, जिला अध्यक्ष मलखान सिंह, पन्ना जिला अध्यक्ष रामबिहारी चौरसिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सदानंद गौतम, जिला महामंत्री सुरेन्द्र चौरसिया मौजूद थे।

# पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण 10 से 12 दिसम्बर तक

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के 16 जिलों में 10 से 12 दिसम्बर को पल्स पोलियो अभियान के अतिरिक्त चरण में जीरो से 5 वर्ष आयु के लगभग 37 लाख 50 हजार बच्चों को पल्स पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जायेगी। अभियान की तैयारियों के सिलसिले में एनएचएम मुख्यालय में राज्य टास्क फोर्स की बैठक हुई।

**प्रदेश के 16 जिलों में बच्चों को पिलाई जायेगी पोलियो की खुराक**

टास्क फोर्स की बैठक में महिला-बाल विकास, स्कूल शिक्षा, नगरीय प्रशासन, वन, पंचायत, आदिम जाति कल्याण, आयुष, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों और डब्ल्यू.एच.ओ., यूनिसेफ, यूएनडीपी और अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डायरेक्टर एनएचएम (टीकाकरण) डॉ. संतोष शुक्ला ने टास्क फोर्स समिति के सदस्यों को अभियान में दी गई जिम्मेदारियों से अवगत कराया। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अभियान के सफल संचालन के लिये सुझाव भी दिये।

बैठक में बताया गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो के केस मिलने के कारण और साथ ही पोलियो-फ्री स्टेटस को मेंटेन रखने के लिये पल्स पोलियो अभियान का अतिरिक्त चरण किया जा रहा है। प्रदेश के भिण्ड, भोपाल, छिंदवाड़ा, दतिया, ग्वालियर, इंदौर, कटनी, खरगौन, मंदसौर, नरसिंहपुर, नीमच, निवाड़ी, सतना, श्योपुर, टीकमगढ़ और विदिशा जिलों में अभियान संचालित होगा। इन जिलों में पोलियो दवाई पिलाने के लिये स्थानीय बूथ के साथ-साथ माइग्रेटरी पापुलेशन को कवर करने के लिये मोबाइल टीम भी गठित की जायेगी।

## कांग्रेस ने शाजापुर जिलाध्यक्ष को पद से हटाया

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने शाजापुर जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह बंटी को पद से हटा दिया है। उन पर चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने का आरोप है। इस संबंध में उनसे सात दिन में जवाब मांगा गया है।

चुनाव में पार्टी के खिलाफ काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मप्र कांग्रेस ने पार्टी के खिलाफ काम करने पर शाजापुर जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह बंटी को पद से हटा दिया है। सात दिन में जवाब मांगा है। इसमें संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है। योगेंद्र सिंह बंटी पर पार्टी के खिलाफ काम करने और अपने समर्थकों को भाजपा में शामिल कराने का आरोप है।

राज्यस्तरीय ऑडिट सप्ताह प्रारंभ

# विधायिका व महालेखाकार के कार्य परस्पर अनुपूरक हैं : सिंह




**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह ने कहा कि विधायिका और महालेखाकार के कार्य संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन परस्पर अनुपूरक हैं। वह राज्य स्तरीय ऑडिट सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर मध्य प्रदेश एकाउन्टेंट जनरल (ऑडिट) ऑफिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

इसके पहले श्री सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि 24 नवंबर तक आयोजित इस ऑडिट सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कार्यपालिका का यह उत्तरदायित्व सभा के सदस्यों द्वारा विधायी प्रक्रिया के तहत विधानसभा के सत्र के समय प्रश्न, ध्यानाकर्षण, बजट की मांगों पर चर्चा आदि के माध्यम शासन की नीतियों और कार्यक्रमों का विश्लेषण कर सुनिश्चित किया जाता है। परन्तु विधान सभा का सत्र न होने पर यही कार्यपालिका के दायित्व के निर्धारण का कार्य विधानसभा की समितियों द्वारा किया जाता है। इन समितियों में विशेष रूप से वित्तीय समितियां, जैसे लोक लेखा समिति, सार्वजनिक उपक्रमों संबंधी समिति, पंचायती राज लेखा समिति आदि के परीक्षण के कार्य में महालेखाकार एवं उनके कार्यालय द्वारा सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। संविधान में विधानसभा के पटल पर रखे गये महालेखाकार के प्रतिवेदनों को वित्तीय समितियों के परीक्षण के लिये संदर्भित किया जाता है, यह समितियां शासन के विभागों से बजट के माध्यम से दी गई राशि का सही ढंग से उपयोग करने की स्थिति का परीक्षण महालेखाकार के अधिकारियों द्वारा तैयार किये गये प्रतिवेदन के आक्षेपों के आधार पर किया जाता है। श्री सिंह ने कहा कि विधायिका और उसकी समितियों तथा महालेखाकार के ऑडिट दोनों का ही उद्देश्य शासन व्यववस्था में पारदर्शिता, दायित्वों और सुशासन के लिए रचनात्ममक सुझाव देने की रहती है।

श्री सिंह ने आशा व्यक्त की है कि 20 नवम्बर से प्रारंभ इस 'ऑडिट सप्ताह' में विभिन्न सामयिक और उपयोगी विषयों पर चर्चा में परस्पर ज्ञान एवं अनुभवों का आदान-प्रदान किया जाएगा तथा जनसरोकार के विषयों पर विचार किया जाएगा, इससे महालेखाकार और उनकी टीम नई ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का गुणवत्ता से निवर्हन करने में सक्षम हो सकेगी।

इस अवसर पर महालेखा परीक्षक के अतिरिक्त सुनील शर्मा, वरिष्ठ उप लेखापरीक्षक, अजय यशवंत, उप लेखा परीक्षक, केबीन थॉमस, उप लेखा परीक्षक, सुश्री स्मिता सक्सेना, वरिष्ठ लेखा अधिकारी, संजय सक्सेना व अन्य ऑडिट एवं एकाउंट कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### जनसरोकार के मुद्दों पर होगी चर्चा : पारेख

इसके पहले मुख्य महालेखा परीक्षक सुश्री प्रिया पारेख ने यह ऑडिट सप्ताह मध्यप्रदेश के महालेखाकार और संबद्ध कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया है। इसमें अनेक विषयों पर विशेषज्ञों के साथ ग्रुप चर्चा, क्विज प्रतियोगिता और पर्यावरण के संबंध में परिचर्चा तथा अन्य जनसरोकार के मुद्दों को लिया जाएगा। सभी अधिकारी और कर्मचारी इसमें उत्साह से भाग ले रहे हैं।

# पेट्रोल पम्प से दिन दहाड़े छात्रा का अपहरण

- मोटरसाईकिल सवार 2 नकाबपोशों ने दिया वारदात को अंजाम
- पेट्रोल पंप पर बस से उतरकर ताऊ का इंतजार कर रही थी युवती

**ग्वालियर , एजेंसी।** शहर व्यस्ततम इलाके से दिन-दहाड़े एक छात्रा का अपहरण हो गया। मोटरसाईकिल सवार 2 नकाबपोशों ने इस वारदात को उस समय अंजाम दिया जब वह बस से उतरकर अपने ताऊ का इंतजार कर रही थी। यह सनसनीखेज घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई और पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी गई है।

जानकारी के मुताबिक भिंड जिले के लहार की रहने वाली एक बीए में अध्ययनरत छात्रा का 2 मोटरसाईकिल सवार नकाबपोश बदमाशों ने ग्वालियर से अपहरण कर फरार हो गए। बताया जाता है कि छात्रा अपने भाई के साथ बस से भिंड से आई थी और नाका चन्द्रबदनी क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप पर बस से उतरकर अपने ताऊ का इंतजार कर रही थी, उसी समय नकाब पहने 2 बदमाश मोटरसाईकिल पर बिठाकर उसका अपहरण कर ले गए। यह पूरी घटना पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकार्ड हो गई। जिसमें यह दिखाई दे रहा है कि 2 नकाबपोश बदमाश आते हैं और एक बदमाश मोटरसाईकिल से उतरकर कुछ दूर जाता है और फिर उस युवती को पकड़कर लाता है और मोटरसाईकिल पर बैठाता है फिर आरोपी फरार हो जाते हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्वालियर के कैलाश टॉकीज क्षेत्र में रहने वाले लड़की के ताऊ और अन्य परिजन झाँसी रोड थाने पहुंच गए। उन्होंने बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके घर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छात्रा वहां आई थी। खबर मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंच गए। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक अपहरण की शिकायत दर्ज की गई है, सीसीटीवी फुटेज मिले हैं हमने झाँसी रोड थाने और क्राइम ब्रांच की 2 टीमें बनाकर बदमाशों की तलाश में लगाई है, हमारी पहली प्राथमिकता लड़की को सकुशल बरामद करना है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि अपहरणकर्ता जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

मालवा निमाड़ में उम्मीद से कम मतदान ने बढ़ाई कांग्रेस-भाजपा की चिंता

# 13 सीटों पर बीते विधानसभा चुनाव से भी कम हुआ मतदान

**इंदौर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव 2023 के मतदान के अंतिम आंकड़े चुनाव आयोग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। प्रदेश में 2533 उम्मीदवारों का भाग्य वोटिंग मशीनों में बंद हो गया है, बस इंतजार है तो 3 दिसंबर का। उस दिन सभी के भाग्य का फैसला हो जाएगा। मालवा-निमाड़ में विधानसभा की 66 सीटें हैं। इसमें से 22 अनुसूचित जनजाति।


नौ अनुसूचित जाति और 35 सामान्य के लिए आरक्षित हैं। सभी दलों के नेताओं ने मालवा निमाड़ में चुनावी सभाओं को सम्बोधित किया है। मालवा-निमाड़ में हुए मतदान की बात करें तो वर्ष 2018 के मुकाबले मात्र 0.47 प्रतिशत मतदान ज्यादा हुआ है, जबकि 2013 के मुकाबले 2018 में 3.39 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। मालवा निमाड़ में मतदान के प्रति जागरूकता या मतदाताओं की बेरुखी एक चिंता का विषय है। मालवा निमाड़ की 66 सीटों पर 2018 के मुकाबले सबसे कम मतदान बड़वानी में हुआ, जो वर्ष 2018 से 5.25 प्रतिशत कम है, जबकि 2018 में यह सीट भाजपा के पास थी। पिछले विधानसभा चुनाव में हुए मतदान प्रतिशत करीब 13 स्थानों पर इस बार मतदान कम हुआ है, मांधाता, खंडवा, पंधाना, बड़वाह, पेटलावद, गंधवानी, मनावर, बदनावर, महू, जावद, देवास, खातेगांव और बागली में कम मतदान में शामिल है। इन 13 कम मतदान सीटों पर 7 भाजपा और 6 कांग्रेस के पास थी, जाहिर है दोनों के पास सीटों का सामान्य अंतर है। इलाके की 26 सीटों पर पिछले चुनाव के मुकाबले एक प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। इसमें से पिछले चुनाव में 13 स्थान कांग्रेस, 12 भाजपा और 1 निर्दलीय के पास था। इस तरह इसमें भी कोई बड़ा अंतर नहीं है। अनुसचित जनजाति की सीटों पर 2018 के मुकाबले इस वर्ष 0.03 प्रतिशत मतदान कम हुआ। इसी तरह वर्ष 2013 के मुकाबले 2018 में इन अजजा सीटों पर 5.15 प्रतिशत मतदान अधिक हुआ था। अनुसचित जाति की सीटों पर भी 2018 के मुकाबले 0. 68 प्रतिशत कम मतदान दर्ज किया गया, जबकि 2013 के मुकाबले 2018 में 2.98 प्रतिशत अधिक मतदान दर्ज किया था। जोबट में हमेशा कम मतदान होता रहा है पर इस बार 2018 के मुकाबले 1.53 प्रतिशत अधिक दर्ज किया गया है। सैलाना में मालवा का सर्वाधिक 90.1 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड दर्ज किया गया। मालवा निमाड़ में मतदान सैलाना के बाद थांदला और रतलाम ग्रामीण में हुआ। सैलाना में महिलाओं ने सर्वाधिक मतदान किया। थांदला और जावद महिला मतदान में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मालवा निमाड़ में कुछ स्थानों पर पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता की संख्या अधिक थी, वहां भी महिलाओं ने कम मतदान किया। अलीराजपुर में 3.07, पानसेमल में 3.35, कुक्षी में 3.94 ,पेटलावद में 1..83 और झाबुआ में 2.32 प्रतिशत महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले कम मतदान किया है। मालवा निमाड़ में मतदान का प्रतिशत कम होना और प्रदेश में बढ़ना निश्चय ही उम्मीदवारों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। प्रदेश में सत्ता प्राप्ति के लिए मालवा निमाड़ की अहम भूमिका रहती है।

# छग में 50 विस क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा किया मतदान

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मतदान के मामले में महिलाएं का प्रतिशत पुरुषों से कहीं ज्यादा रहा है। इसके साथ ही 90 में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में भी महिला मतदाता पुरुषों से आगे रही है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों सात और 17 नवम्बर को हुए मतदान में कुल एक करोड़ 55 लाख 61 हजार 460 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिसमे 77 लाख 48 हजार 612 पुरुष मतदाता और 78 लाख 12 हजार 631 महिला मतदाता शामिल हैं। विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाली महिला मतदाताओं की कुल संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की कुल संख्या से अधिक है। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभा क्षेत्रों में से 50 विधानसभा क्षेत्रों में पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज्यादा मतदान किया है। भरतपुर-सोनहत, प्रतापपुर, रामानुजगंज, सामरी, लुण्ड्रा, अंबिकापुर, सीतापुर, जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव, लैलूंगा, सारंगढ़, खरसिया, धर्मजयगढ़, रामपुर, पालीतानाखार, जैजैपुर, मरवाही, सरायपाली, बसना, खल्लारी, महासमुंद, बिलाईगढ, राजिम, बिंद्रानवागढ़, सिहावा, डोंडीलोहारा, गुंडरदेही, संजारी-बालोद, धमतरी, दुर्ग शहर, पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, मोहलामानपुर, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, जगदलपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों में आकर वोट डालने वाले महिला मतदाताओं की संख्या वोट डालने वाले पुरुष मतदाताओं की तुलना में अधिक है।

पूर्व राष्ट्रपति ने कहा-

# एक देश-एक चुनाव देश की जरूरत



**रायबरेली, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने आम चुनाव को राष्ट्र हित का मुद्दा बताते हुये 'वन नेशन वन इलेक्शन' की वकालत की है।

एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने यहां आये श्री कोविंद ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' देश की जरुरत है। इसके होने से जो राष्ट्र का धन व संसाधन बचेगा उसे जन विकास के कार्यो में खर्च किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है जिसके अध्यक्ष वे खुद हैं। वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बहुत सी समितियों की रिपोर्ट आई है यहां तक कि पार्लियामेंट्री कमेटी, नीति आयोग और चुनाव आयोग की भी रिपोर्ट है जिसमे इस परम्परा की आवश्यकता बताई गई है। इस प्रक्रिया से एक समय मे सारे चुनाव होने से सरकारी मशीनरी और कोष पर अलग से बोझ नही पड़ेगा क्योंकि अलग अलग समय पर चुनाव होने से सरकारी मशीनरी और सरकार के कोष पर भारी बोझ पड़ता है।

श्री कोविंद ने कहा कि वे इस पर तमाम लोगों के साथ मिल कर व उनकी राय लेकर काम कर रहे है और लगभग सभी राजनीतिक दलों से इस सम्बंध में चर्चा की है। कभी न कभी कभी तमाम राजनीतिक दलों ने इसका आगे पीछे समर्थन भी किया है। पूर्व राष्ट्रपति का कहना है कि यह राष्ट्र हित का मुद्दा है और वे इसपर सकारात्मक प्रयास कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया अगर लागू होती है तो इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और इससे जनता को लाभ होगा। पूर्व राष्ट्रपति और राज्य के अतिथि होने के नाते श्री कोविंद को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार अपर जिलाधिकारी प्रशासन और अपर पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम में शिरकत कर साढ़े तीन बजे पूर्व राष्ट्रपति लखनऊ के लिये रवाना हो गए।

मानकोंदूर में आयोजित आशीर्वाद सभा में बोले केसीआर

# कांग्रेस के शासनकाल में किसान कर्ज में डूबे

**मानकोंदूर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने सोमवार को मानकोंदूर में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के पचास साल के शासनकाल में कर्ज में डूबे किसानों का दिल टूट गया और उनकी मौत होती रही। इंदिरम्मा के राज्य में चावल नहीं था। अगर इंदिराम्मा का राज्य अच्छा था तो एनटी रामाराव की पार्टी क्यों बनी। तब आपको दो रुपए प्रति किलो चावल मिलना शुरू हुआ। इंदिरम्मा के राज्य में आपातकाल की स्थिति थी, सभी को गिरफ्तार किया जा रहा था, सरकारों को उखाड़ फेंका जा रहा था। हमने 1956 में तेलंगाना को आंध्र में विलय नहीं करने का निर्णय लिया तो हमारी इच्छा के विरुद्ध उसे जबरन विलय कर दिया गया। कांग्रेस की गलती के कारण 58 साल तक तेलंगाना अस्तित्व में नहीं आया।

1969 के तेलंगाना आंदोलन में कांग्रेस सरकार ने तेलंगाना के 400 बच्चों को बटेर की तरह गोली मार दी थी। 2004 में वह तेलंगाना देने के लिए हमारे साथ गठबंधन करके केंद्र और राज्य में सत्ता में आए, लेकिन हमें तेलंगाना नहीं मिला। कांग्रेस पार्टी ने बीआरएस पार्टी को विभाजित करने की साजिश रची। हम डटकर लड़े और देश की 33 पार्टियों का समर्थन लेकर आए हैं, तब वे तेलंगाना देने तैयार हुए। बीआरएस पार्टी का गठन तेलंगाना राज्य की उपलब्धि और तेलंगाना के लोगों के अधिकारों के लिए हुआ है। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि बीआरएस पार्टी का कांग्रेस से 15 साल तक लड़ने का इतिहास है। तेलंगाना मिलने के बाद हालात और खराब हो गए। ताजा पानी, सिंचाई का पानी, बिजली नहीं था, हथकरघा श्रमिकों के बच्चे मर जाते थे। किसान आत्महत्या करते थे। कांग्रेस शासनकाल में पेंशन मात्र 200 रुपए थी। बीआरएस सरकार ने पेंशन को पहले 1,000 रुपए और फिर 2,000 रुपए तक बढ़ा दिया।

# कश्मीर में 'चिल्लेकलां' से पहले ही भयानक सर्दी

**आगे और भी भयानक सर्दी का पड़ने का है अनुमान**

• सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर में चिल्लेकलां (भयानक सर्दी का मौसम) का आगमन अभी एक माह दूर है पर कश्मीरी अभी से ठंड से चिल्लाने लगे हैं। ऐसे में उन्हें चिंता है कि इस बार चिल्लेकलां के दौरान कितनी भयानक सर्दी पड़ेगी।

कश्मीर में 21 और 22 दिसम्बर की रात से सर्दी के मौसम की शुरु आत मानी जाती है। करीब 40 दिनों तक के मौसम को चिल्लेकलां कहा जाता है। और इस दिन हुई बर्फबारी कई सालों के बाद सही समय पर हुई है। नतीजतन कुदरत का समय चक्र सुधरा तो कश्मीरियों की परेशानियां बढ़ गई क्योंकि पिछले कई सालों से बर्फबारी के समय पर न होने के कारण वे चिल्लेकलां को ही भुला बैठे थे।

## 40 दिनों तक चलता चिल्लेकलां

चिल्लेकलां करीब 40 दिनों तक चलता है और उसके बाद चिल्ले खुर्द और फिर चिल्ले बच्चा का मौसम आ जाता है। अभी तक चिल्लेकलां के दौरान 1986 में कश्मीर में तापमान शून्य ये 9 डिग्री नीचे गया था जब विश्व प्रसिद्ध डल झील दूसरी बार जम गई थी। वैसे चिल्लेकलां के दौरान कश्मीर के तापमान में जो गिरावट देखी गई है उसके मुताबिक तापमान शून्य से 5 व 7 डिग्री ही नीचे जाता है।

हालांकि समय चक्र के सुधार से कश्मीर में पानी की किल्लत और बिजली की कमी जैसी परेशानियों से निजात मिलने की उम्मीद तो जगती है लेकिन कश्मीरी परेशानियों के दौर से गुजरने को मजबूर इसलिए हो जाते हैं क्योंकि पिछले कई सालों से मौसम के खराब रहने के कारण राजमार्ग के बार-बार बंद रहने का परिणाम यह होता है कि कश्मीरियों को चिंता इस बात की रहती है कि उन्हें खाने पीने की वस्तुओं की भारी कमी का सामना किसी भी समय करना पड़ सकता है।

## रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति होती है बाधित

पहले चिल्लेकलां के शुरू होने से पहले ही कश्मीरी सब्जियों को सुखा कर तथा अन्य चीजों का भंडारण कर लेते थे मगर कई सालों से मौसम चक्र के गड़बड़ रहने के कारण वे इसे भुला बैठे थे। और अब तो राजमार्ग के बार-बार बंद होने से घाटी में रोजमर्रा की वस्तुओं की आपूर्ति समय पर न होने के कारण उन्हें कई बार महंगे दामों पर खाने पीने की वस्तुएं खरीदनी पड़ती हैं। फलहाल सर्दी से कोई राहत भी नहीं मिल पा रही है। अनुमान इस बार का यह है कि सर्दी अपना भयानक रूप दिखा सकती है। वैसे भी कुछ सालों से मौसम की पश्चिमी गड़बड़ियों के कारण कश्मीर कभी बर्फीले सुनामी के दौर से गुजरता है तो कभी बाढ़ से कश्मीरियों को सामना करना पड़ रहा है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।